दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 16 | अंक 334 | सीकर, शनिवार 31 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## एसआईआर विवाद ने विधानसभा में भड़का तूफान!

## टीकाराम जूली और जोगाराम पटेल हुए आमने-सामने

जयपुर।

राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के शुक्रवार के दिन की कार्यवाही पूरी तरह हंगामेदार रही। प्रश्नकाल से ही कांग्रेस और बीजेपी के विधायकों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। एसआईआर, जर्जर स्कूल भवनों, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और ओबीसी छात्रवृत्ति के आंकड़ों को लेकर बहस गर्म रही। शून्यकाल के दौरान एसआईआर में कथित गड़बड़ी का मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया।



### एसआईआर में कथित गड़बड़ी पर हंगामा

शून्यकाल के दौरान एसआईआर (एसआईआर) में कथित गड़बड़ी का मुद्दा जोर-शोर से उठा। कांग्रेस विधायक जाकिर हुसैन गैसावत को स्पीकर ने पर्ची के माध्यम से यह विषय उठाने की अनुमति दी। जैसे ही उन्होंने बोलना शुरू किया, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह विषय सदन में उठाया ही नहीं जा सकता क्योंकि मतदाता सूची तैयार करने का कार्य चुनाव आयोग का है और इसमें राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं है। इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और संसदीय कार्य मंत्री के बीच तीखी नोकझोंक हो गई, जिससे सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि जब स्पीकर ने विषय उठाने की अनुमति दी है, तो उस पर आपत्ति कैसे की जा सकती है। उन्होंने सवाल उठाया कि एसआईआर में आई आवेदन प्रक्रियाएं कहां से आईं और फर्जी फॉर्म के बंडल जमा कराने वाले लोग कौन थे। जूली ने इस पूरे मामले की जांच कराने की मांग की और कहा कि इसमें सजा का प्रावधान भी है। बढ़ते शोर-शराबे के बीच स्पीकर ने लंच ब्रेक से पांच मिनट पहले सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### सदन फिर शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रखी अपनी बात

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मकराना विधायक जाकिर हुसैन गैसावत ने एसआईआर का जो मुद्दा पर्ची के माध्यम से उठाया, उस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने एतराज जताया। मैं समझता हूं कि ऐसा नहीं होना चाहिए था, लेकिन फिर भी निर्वाचन सुधारों पर जैसे लोकसभा में चर्चा हुई, वैसे ही आप आधे घंटे का कोई वक्त तय कर दीजिए। सदन में इस विषय पर चर्चा करा लीजिए,

इस पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि एक बात तो यह की चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्था है। संसद में भी एसआईआर पर कोई चर्चा नहीं हुई। चुनाव सुधारो पर चर्चा हुई थी। संसदीय चुनाव सुधार के कानून संसद बनाती है, संविधान संशोधन का काम भी संसद ही करती है। हमारे यहां लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में राजस्थान सरकार की कोई भागीदारी नहीं होती। ऐसे में चुनाव सुधारो को लेकर इस विधानसभा के पटल पर चर्चा नहीं हो सकती। अगर निकाय चुनाव या पंचायती राज चुनाव के सुधारों को लेकर कोई चर्चा करना चाहते हैं, तो उस पर फिर भी विधानसभा में चर्चा हो सकती है, क्योंकि उसके नियम हम बनाते हैं। विधानसभा और सांसद चुनाव को लेकर सुधारो पर राजस्थान विधानसभा में चर्चा नहीं होनी चाहिए। इस पर जूली ने कहा कि, पंचायती राज और नगर निकाय के चुनाव राजस्थान में भी तो होंगे। हम उसे पर चर्चा कर लेंगे ।

दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि विधि मंत्री और नेता प्रतिपक्ष दोनों की बात मेरे संज्ञान में आ गई है। अब इस पर कानूनी मामलों के विशेषज्ञों से बात करके मैं फैसला लूंगा। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने जवाब दिया कि चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्था है। संसद में भी एसआईआर पर कोई चर्चा नहीं हुई थी, केवल चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि संसदीय चुनाव सुधार कानून संसद बनाती है और संविधान संशोधन का काम भी संसद का है। राजस्थान सरकार का इसमें कोई दखल नहीं है।

इसलिए विधानसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा नहीं हो सकती। हालांकि, निकाय चुनाव या पंचायती राज चुनाव के सुधारों पर चर्चा संभव है। जूलि ने कहा कि पंचायती राज और नगर निकाय के चुनाव राजस्थान में भी होंगे, इसलिए उस पर चर्चा करेंगे। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि विधि मंत्री और नेता प्रतिपक्ष दोनों की बात मेरे संज्ञान में आ गई है। अब इस पर कानूनी मामलों के विशेषज्ञों से विचार करके निर्णय लिया जाएगा।

## अजित पवार की पत्नी महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बनेंगी

### आज शाम 5 बजे शपथ संभव; एनसीपी नेता फडणवीस से मिले



**मुंबई/पुणे।** अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम होंगी। सूत्रों के मुताबिक शनिवार को एनसीपी के विधायक दल की बैठक के बाद इसका ऐलान किया जाएगा। शाम 5 बजे शपथ ले सकती हैं। अजित की प्लेन क्रैश में मौत के बाद उपमुख्यमंत्री पद खाली हो गया है। अजित के पास वित्त, आबकारी और खेल विभाग के साथ-साथ डिप्टी चीफ मिनिस्टर का पद भी था। सूत्रों के मुताबिक वित्त मंत्रालय सीएम फडणवीस के पास रह सकता है। यह भी दावा भी किया जा रहा है कि अजित पवार एनसीपी के दोनों गुट के जिस मर्जर पर बातचीत कर रहे थे, उस पर आखिरी फैसला शरद पवार लेंगे।

**एनसीपी विलय को लेकर 3 लोगों के दावे**-अजित के करीबी किरण गुजर ने न्यूज एजेंसी को बताया कि वे दोनों गुटों को मिलाने के लिए 100% उत्सुक थे। उन्होंने पांच दिन पहले कहा था कि प्रक्रिया पूरी हो गई है और अगले कुछ दिनों में विलय होने वाला है। गुजर ने कहा कि अजीत के पास विलय और एकजुट एनसीपी के भविष्य के लिए एक रोडमैप तैयार था।

## नीरजा मोदी स्कूल को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत

### स्टूडेंट्स शिफ्ट करने की प्रक्रिया पर एक महीने की रोक, मान्यता रद्द करने के आदेश में दखल नहीं

**जयपुर।** जयपुर की नीरजा मोदी स्कूल को राजस्थान हाईकोर्ट से एक महीने की राहत मिल गई है। जस्टिस बिपिन गुप्ता की बैंच ने स्कूल की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की स्टूडेंट्स शिफ्ट करने की प्रक्रिया पर एक महीने तक रोक लगा दी है। हालांकि कोर्ट ने इस स्टेज पर सीबीएसई के मान्यता (संबद्धता) रद्द करने के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने निर्देश दिया कि स्कूल एक सप्ताह में सीबीएसई के सामने रिप्रजेंटेशन दें। वहीं, सीबीएसई स्कूल के रिप्रजेंटेशन को तीन सप्ताह में तय करें। तब तक क्लास 9 और 11 के स्टूडेंट्स को दूसरी स्कूल में शिफ्ट करने की प्रक्रिया पर रोक रहेगी।

**स्कूल की याचिका चलने योग्य नहीं**-सीबीएसई की ओर से बहस करते हुए अधिवक्ता एमएस राघव ने कहा- स्कूल की याचिका मेंटिनेबल (चलने योग्य) नहीं है। सीबीएसई के प्रावधानों के अनुसार स्कूल के पास बोर्ड में रिप्रजेंटेशन देने का विकल्प खुला है।

## एसीआई के विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय ताइक्कांडो में जीते पदक



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित एसीआई सी. सै. स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय राजस्थान ताइक्कांडो प्रतियोगिता के सब जूनियर बालक वर्ग में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक अर्जित कर परिवार एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया। संस्था खेल प्रशिक्षक आकाश योगी ने बताया कि राज्य ताइक्कांडों एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित इस राज्यस्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में संस्थान के विद्यार्थियों का प्रदर्शन आशानुरूप सर्वश्रेष्ठ रहा। संस्थान के नितेश ने स्वर्ण पदक, रहीश ने रजत पदक और मनन व पार्थ रोहिल्ला ने कांस्य पदक जीता वहीं अन्य विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। संस्था परिवार ने विजेता छात्रों, प्रशिक्षक एवं अभिभावकों का सम्मान प्रार्थनास्थलीय कार्यक्रम में समारोहपूर्वक किया। अभिभावकों ने संस्थान की शैक्षिक व सह-शैक्षिक गतिविधियों की प्रशंषा करते हुए संस्थान प्रबंधन का धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्था निदेशक मनोज शर्मा, विकास शर्मा ने विजेता खिलाडियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई प्रेषित करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कन्या महाविद्यालय में हुआ वार्षिक उत्सव का आयोजन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मास्टर भंवरलाल मेघवाल राजकीय कन्या महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव उत्साह व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मुख्य अतिथि चतर सिंह डोटासरा, प्राचार्य डॉ. प्रेम बाफना एवं विशिष्ट अतिथि विमला देवी डोटासरा द्वारा स्मृति चिह्नए पुरस्कार एवं प्रमाण.पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिभाओं को पुरस्कृत किए जाने से उनका मनोबल बढ़ता है। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रेम बाफना ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का समारोह आपके परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। महाविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा प्रदान करने के साथ.साथ छात्राओं की नैसर्गिक प्रतिभा को निखारकर उनका बहुर्मुखी विकास करना है। प्रत्येक छात्रा में विकास की असीम सम्भावनाएं निहित है। आप अन्तर्निहित प्रतिभा को पहचानकर अपनी क्षमता, समय एवं संसाधनों का सही दिशा में उपयोग कर वांछित लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर साहित्य एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ समिति की संयोजक ज्योति ने कॉलेज का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए इस अवसर पर अतिथि शिक्षक डॉ. भारती शर्मा, डॉ. ओम प्रकाश कालवा, डॉ. अंजू खीचड़, डॉ. कोमल तूनवाल, गौरव पाण्डेय एवं दिनेश रिणवा उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका शर्मा ने किया।

## भामाशाहों का किया सम्मान

निसं

**खंडेला ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नीमेडा खंडेला में विद्यालय के भौतिक विकास हेतु ग्राम वासियों वअभिभावकों ने भामाशाह के रूप में आर्थिक सहयोग प्रदान किया। भामाशाह हरि नारायण बगड़िया ने 4 दरिया, पांच कुर्सियां एवं दो टेबल भेंट की। कैलाश भार्गव एवं जयपाल रोलानिया ने 6000 रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की वहीं महेंद्र बिजारणिया ने 3000 की आर्थिक सहायता प्रदान की एवं अन्य भामाशाहों ने भी सहायता प्रदान की। इस अवसर पर संस्था प्रधान ओम प्रकाश सैनी, अध्यापक नरेंद्र सिंह, अध्यापिका ममता रोलानिया एवं अध्यापक मनीष कुमार सैनी ने इन भामाशाहों का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन प्रकट किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष संदीप बिजारणिया, वर्तमान ग्राम पंचायत प्रशासक मोतीलाल गढ़वाल, सांवरमल गढ़वाल, मदन, लोकेश वर्मा, नरेंद्र कुमावत, सांवरमल बगड़िया, बृजेश भार्गव, पवन, श्रवण मीणा एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शहीद दिवस पर दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नगर कांग्रेस कार्यालय में सत्य व अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर नगर अध्यक्ष रामावतार शर्मा के सानिध्य में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। सभा में दो मिनट का मोन रखा गया और महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर रेखाराम मेहरड़ा, रामचन्द्र गोदारा, लालचंद बेदी, ओंकारमल मेहरड़ा, पवन भोजक, राजकुमार इंदौरिया, सलीम वकील, मदन सोनी, विकास सोनी आदि मौजूद रहे।

## शुरू हुआ 112 वां प्रतिष्ठा महोत्सव

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री देवसागर सिंघी जैन मंदिर के 112 वें प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर दादा गुरू की पूजा धूम धाम से की गई। कार्यक्रम में ट्रस्टी रणजीत सिंह सिंघी, प्रकाश सिंघी, सुनील सिंघी व सिंघी परिवार के देश विदेश से आए सदस्यों व शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। शाम को नवकार मंत्र का जाप किया गया।

## भाजपा का वीबीजी राम जी को लेकर जिला सम्मेलन आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा की ओर से वीबीजी राम जी को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में जिला सम्मेलन 31 जनवरी शनिवार को आयोजित होगा। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि जिला सम्मेलन दोपहर 1 बजे होगा जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी व प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह होंगी व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ करेंगे। उन्होंने बताया कि वीबीजी राम जी जिला सम्मेलन में जिले का शीर्ष नेतृत्व, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व जिले के कार्यकर्ता भाग लेंगे।

**प्रदेश महामंत्री बगड़ी का करेंगे स्वागत** -जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी देव दर्शन के लिए आ रहे हैं। उनका दोपहर 2 बजे सीकर आगमन पर शनिवार भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश मंत्री बगड़ी के स्वागत में जिले के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। बगड़ी यहां से सालासर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। इस दौरान जिले में अन्य स्थानों पर भी कार्यकर्ता बगड़ी का स्वागत किया जाएगा।

## फेस्टिनो में 1300 विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियां

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** प्रिंस महोत्सव के पांचवें दिन प्रिंस एकेडमी लोटस वैली पालवास रोड, सीकर के कक्षा मोंटेसरी से ग्रेड 6 के विद्यार्थियों का भव्य वार्षिक उत्सव फेस्टिनो डे-1 आयोजित हुआ। समारोह में 1300 से अधिक नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विद्यार्थियों ने अंडर द सीए रामायण, न्यू इंडिया, मिले सुर मेरा तुम्हारा, पपेट, गंगा अवतार, शिव तांडव, महारास, हैरी पॉटर आदि प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## झुंझुनू चार्टर्ड अकाउंटेंट्स शाखा के लिए पाँच सदस्य निर्विरोध चुने गए







संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की सेंट्रल इंडिया क्षेत्रीय परिषद की झुंझुनू शाखा की प्रबंध समिति के निर्वाचन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण हो गई है। निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत पाँच सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। झुंझुनू शाखा के सचिव सीए लोकेश अग्रवाल द्वारा 17 जनवरी 2026 को निर्वाचन प्रक्रिया हेतु विशेष आमसभा का विधिवत नोटिस जारी कर शाखा के सभी सदस्यों को सूचित किया गया था। इसके पश्चात निर्वाचन अधिकारी सीए निर्भीक गांधी के मार्गदर्शन में नामांकन पत्रों की जांच की गई। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि छह सदस्यीय प्रबंध समिति के गठन के लिए कुल सात नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे। गहन जांच के उपरांत पाँच नामांकन पत्र वैध पाए गए। वैध नामांकन के आधार पर निर्वाचन प्रक्रिया निर्विरोध संपन्न कर परिणाम घोषित किए गए। निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी अंतिम सूची के अनुसार सीए इंदरजीत, सीए रविंद्र कुमार, सीए विनायक कुमार शर्मा, सीए लोकेश अग्रवाल एवं सीए मनीष अग्रवाल को झुंझुनू शाखा की नई प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप तथा पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई।

निर्वाचन के सफल समापन के साथ ही झुंझुनू शाखा को आगामी तीन वर्षों के लिए नई प्रबंध समिति प्राप्त हो गई है। सेंट्रल इंडिया क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष सीए अंकुर कुमार गुप्ता सहित शाखा के सदस्यों ने नवनिर्वाचित प्रबंध समिति को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## कार से 51 किलो 700 ग्राम चांदी बरामद

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिले के सादुलपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार को जब्त कर 51 किलो से अधिक चांदी बरामद की है तथा दो जनों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस ने बरामद चांदी की अनुमानित कीमत लगभग दो करोड़ रुपए आंकी है। इस सम्बंध में प्रशिक्षु डीएसपी विनोद कुमार नेण ने बताया कि पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चांदी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने लसेड़ी टोल प्लाजा के पास नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें से 51 किलो चांदी बरामद की गई। जब्त की गई चांदी की अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ रुपये बताई जा रही है। कार में सवार दो लोगों से पुलिस ने पूछताछ की तो संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और घबरा गए ना ही चांदी खरीद के कोई बिल या आवश्यक दस्तावेज मिले। जिस पर पुलिस ने कार में राखी 51 किलो 700 ग्राम चांदी को कर सहित जप्त कर लिया। प्रशिक्षु डीएसपी विनोद नैन ने बताया कि डीएसटी टीम को चांदी के अवैध परिवहन की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस को अलर्ट कर संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर एक कार को रोका गया। तलाशी के दौरान कार से भारी मात्रा में चांदी छिपाकर ले जाते हुए पकड़ी गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बरामद चांदी राजस्थान से पंजाब ले जाई जा रही थी। पुलिस ने कार में सवार दो व्यक्तियों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। दोनों से चांदी के स्रोत, स्वामित्व और परिवहन से जुड़े वैध दस्तावेजों को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने चांदी सहित वाहन को जब्त कर लिया है और संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करने की प्रगिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के बाद इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क के बारे में भी अहम जानकारियां सामने आ सकती हैं। मामले में पुलिस जांच में जुटी है।



## कोबरी-सार



# जिला खेल संघों में सुशासन का नया अध्याय

## राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम-2025 के अनुरूप नियमों में होंगे बड़े सुधार

निसं




**नोखा (नवयत्न)।** जिला ओलंपिक संघ, बीकानेर द्वारा आज लक्ष्मी हेरिटेज में आयोजित जनरल गवर्निंग मीटिंग में जिले के लगभग सभी खेल संघों के अध्यक्षों एवं सचिवों की उपस्थिति में खेल प्रशासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के प्रारंभ में जिला ओलंपिक संघ के चेयरमैन कमल कल्ला द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। उन्होंने इस अवसर पर वर्ष 2026 में श्बीकानेर ओलंपिक गेम्स आयोजित करने का सुझाव भी रखा, जिसका सभी सदस्यों ने सकारात्मक स्वागत किया। बैठक का सफल संचालन राजेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ के सचिव जनरल मानक चंद व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला ओलंपिक संघ, बीकानेर ने आज अपनी नई संविधान न्यू कॉन्स्टिट्यूशन को सर्वसम्मति से अपनाया है, जो राजस्थान ओलंपिक एसोसिएशन एवं भारतीय ओलंपिक संघ के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार किया गया है। इसी नए संविधान में राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम-2025 एवं राष्ट्रीय खेल विकास नीति-2011 के सभी प्रावधानों को समाहित किया गया है। उन्होंने बताया कि अब बीकानेर जिले के सभी खेल संघ अपने संविधान एवं नियमों को इन्हीं मानकों के अनुरूप अपडेट करेंगे, जिससे खेल संगठनों में पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी। नए प्रावधानों के तहत सभी पदों पर महिला प्रतिनिधित्व अनिवार्य होगा तथा खिलाड़ियों के अधिकारों, सहभागिता और प्रतिनिधित्व को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। इसके साथ ही कोई भी पदाधिकारी अधिकतम दो कार्यकाल ही पद पर रह सकेगा तथा तीसरे कार्यकाल से पूर्व कूलिंग पीरियड अनिवार्य होगा, जिससे नए खिलाड़ियों और युवाओं को नेतृत्व का अवसर मिलेगा। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सीए सुधीश शर्मा ने कहा कि यह नया संविधान और राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम-2025 खेल प्रशासन में एक ऐतिहासिक सुधार है, जो खेल संगठनों को अधिक प्रोफेशनल, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाएगा।

उन्होंने बैठक में संविधान से संबंधित दो महत्वपूर्ण सुझाव/संशोधन भी प्रस्तुत किए, जिन्हें सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि जिला ओलंपिक संघ, बीकानेर राजस्थान ओलंपिक एसोसिएशन एवं भारतीय ओलंपिक संघ के मार्गदर्शन में सभी खेल संघों के साथ मिलकर इन सुधारों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए पूर्णतः प्रतिब है, ताकि बीकानेर को खेलों के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल जिला के रूप में विकसित किया जा सके। बैठक में जिला खेल अधिकारी, बीकानेर सुरेन्द्र हर्ष भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी खेल संघों एवं खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ कार्य करें, जिससे जिले में खेलों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके और अधिक से अधिक प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिले।

## रोल साबसर जयंती कल

निसं



**लाडनूं (नवयत्न)।** श्री क्षत्रिय युवक संघ के चतुर्थ संघप्रमुख भगवान सिंह रोल साबसर की जयंती 01 फरवरी को लाडनूं के बगड़ा भवन में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई जाएगी। नरपत सिंह रताऊ ने बताया कि इस अवसर पर देश के सैकड़ों स्थानों पर जयंती समारोह आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धेय नारायण सिंह रेड़ा के स्वर्गवास के पश्चात वर्ष 1989 में भगवान सिंह रोल साबसर ने श्री क्षत्रिय युवक संघ के चतुर्थ संघप्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने अपने अथक परिश्रम से संघ के शिविरों और शाखाओं के साथ मातृशक्ति प्रकोष्ठ, प्रताप फाउंडेशन, क्षत्रिय पुरुषार्थ फाउंडेशन एवं प्रताप युवा शक्ति जैसे अनुषांगिक संगठनों की स्थापना कर संघ का विस्तार पूरे भारतवर्ष में किया। तपस्वी जीवन जीते हुए उन्होंने विद्यार्थियों, युवाओं, दंपतियों, प्रौढ़ों एवं बुजुर्गों सहित समाज के हर वर्ग में संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना के लिए आजीवन कार्य किया। इसी सेवाभाव के दौरान 05 जून 2025 को उनका स्वर्गवास हो गया। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करने हेतु 01 फरवरी को देशभर में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी कड़ी में लाडनूं में जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें तहसील भर से लोग शामिल होंगे। इस संबंध में प्रांत प्रमुख विक्रम सिंह ढ़ींगसरी के नेतृत्व में कार्यक्रम की तैयारीयों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## कथा में श्रीकृष्ण-रूकमणी विवाह की झांकी सजाई

निसं



**मुकुन्दगढ़ (नवयत्न)।** कस्बे के लक्ष्मणगढ़ रोड स्थित श्री संकट मोचन बालाजी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण-रूकमणी विवाह की मनमोहक झांकियां सजाई गई। व्यास पीठ से मदन लाल शर्मा ने कथा के छठे दिन महारास लीला, कंस मर्दन एवं श्रीकृष्ण रूकमणी विवाह के प्रसंग में सुनाया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ श्रीधाम वृंदावन में महारास लीला की तब स्वयं भोले नाथ भी महारास लीला में सम्मिलित हुए। महारास का तात्पर्य जीव और ब्रह्मा का मिलन ही महारास लीला है। भगवान ने पापी अधर्म रूपी कंश वध किया। अपने माता-पिता देवकी-वसुदेव को कारागार से मुक्त करवाया। जरासन्द ने 17 वार मथुरा पर चढ़ाई करवाई व भगवान श्रीकृष्ण ने 18 वीं बार जरासन्द को परास्त कर मथुरा को छोड़कर स्वयं ब्रह्मणों की रक्षा करने के लिए द्वारका पहुँचे। भगवान श्रीकृष्ण ने 16 हजार 108 रानियों से विवाह कर बड़े धूमधाम से रुक्मणी मंगल विवाह उत्सव हुआ। आरती कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद भोड़की वाले, रामस्वरुप जोशी, रामनाथ बांगड़वा, बजरंगलाल जांगिड़, भागीरथ सैनी, मुरारी लाल सिंघानिया, महेश डोटासरा, मुकेश डोटासरा, तारामणी, योगिता, मोनिका, रामा देवी, सुलोचना, विवेका, बबीता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

## श्याम दरबार मंदिर में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव



निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** मिनी खाटू के नाम से प्रसिद्ध कस्बे के श्याम दरबार मंदिर में धूमधाम से दो दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। पिछले महीनेभर से बंगाल से आए कलाकारों द्वारा मंदिर की भव्य सजावट की गई थी जिसे देखने के लिए दूर दराज से श्रद्धालु पधार रहे थे। गुरूवार को आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु नाचते गाते हुए बाबा का निशान लेकर मंदिर में पहुंचे और बाबा को निशान अर्पित कर मन्नत मांगी। रात्रि में देश के अनेक प्रांतों से पधारे गायक कलाकारों ने अपनी शानदार भजन प्रस्तुतियों से बाबा को रिझाया। दिनभर कस्बे में बाबा के जयकारे गूंजते रहे। शुक्रवार को श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। शुक्रवार को पूर्व चेयरमैन सुरेश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, इस दौरान कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी अमर रहे के नारे लगाए। इस मौके पर पालीराम मुंशी, राजेश कुमार जोशी, दिनेश शर्मा, इन्द्र चेतीवाल, मुकेश बाकोलिया, उम्मेद टेलर, निसार, अमजद, सलीम, कालूराम चंदेलिया, जुगल पहाड़िया, सुनील डालमिया, महेश गोदारा, रामजीलाल कुमावत, रोशन गुरू, मनोज सैनी, गजानंद कटारिया, भारत भूषण शर्मा, विष्णु भार्गव, विश्वंभर दयाल सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## डॉ ताखर चिकित्सा वैभव सम्मान से सम्मानित

निसं



**रींगस (नवयत्न)।** निम्स यूनिवर्सिटी जयपुर में आयोजित आईएनसीएएचपी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर भंवर सिंह ताखर को फिजियोथैरेपी चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर चिकित्सा वैभव सम्मान से सम्मानित किया गया। यूनिवर्सिटी चांसलर डॉ. बलवीर सिंह तोमर, डॉक्टर अजीत सहारण, संतोष नायर, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी द्वारा यह अवॉर्ड दिया गया, कॉन्फ्रेंस में देश विदेश से दो हजार से अधिक डॉक्टर्स ने हिस्सा लिया। कॉन्फ्रेंस में वक्ताओं द्वारा विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों को साथ लेकर चलना एवं मरीजों को बेहतर सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया।

## बार संघ के अधिवक्ताओं ने की एसीजेएम कोर्ट खोलने की मांग

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** बार संघ तारानगर के अधिवक्ताओं ने मिलकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ को व राठौड़ के मार्फत विधि मंत्री ओर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर तारानगर में एसीजेएम कोर्ट खोलने की मांग की है। बार संघ तारानगर के अध्यक्ष एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण ने बताया कि तारानगर मुख्यालय पर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट स्तर का केवल एक न्यायालय हैं जिसमें वर्तमान में अनेक मुकदमें लंबित है जिनमें बेदखली, किराया नियंत्रण अधिनियम तथा आर्थिक क्षेत्राधिकार संबंधि प्रकरणों के लिए तारानगर न्यायिक क्षेत्र के पक्षकारों को राजगढ़ एसीजेएम कोर्ट जाना पड़ता है। तारानगर न्यायालय के अधीन तारानगर, साहवा, भालेरी थाना व आबकारी वृत चूरू व राजगढ़ से उद्भुत प्रकरण संस्थित होते हैं व पांच थानों का क्षेत्राधिकार होने के कारण लगातार प्रकरणों में वृद्धि हो रही है व लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलंब कारित हो रहा है। सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट तारानगर न्यायालय में लंबित मुकदमों की संख्या चूरू जिले में सर्वाधिक है। इसके अतिरिक्त उक्त न्यायालय का सिविल क्षेत्राधिकार केवल दो लाख तक की मालियत के सिविल दावों को सुनने का है व इससे अधिक मालियत के दावों को वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, राजगढ़ में प्रस्तुत करना पड़ता है, जो कि तारानगर मुख्यालय से रेल सेवा से जुड़ा हुआ नहीं है व भौगोलिक दृष्टि से तारानगर क्षेत्र के गांवों की दूरी राजगढ़ तक 120.125 किलोमीटर तक है जिसके कारण भी तारानगर क्षेत्र के न्यायार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है एवं न्याय प्राप्ति में अत्यधिक खर्च वहन करना पड़ता है इसलिए उक्त मांग के संबंध में गम्भीरता पूर्वक विचार कर तथा अभिशंषा की जाकर तारानगर मुख्यालय पर अलग से वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय खोला जाता है तो पक्षकारों को न्याय प्राप्ति में सुविधा होगी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने अधिवक्ताओं को तारानगर में एसीजेएम कोर्ट खुलवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण, विकास सिहाग, महेंद्र यादव, विकाश सोनी, योगेश जैन, ओमप्रकाश सहारण, अनुराग चौधरी, जीताराम शर्मा सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

## गायत्री महायज्ञ के साथ अभिनंदन फागण कार्यक्रम कल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** फाल्गुन माह की पूर्व संध्या पर रविवार को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक अभिनंदन फागण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। फाल्गुन माह शुरू होते ही आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में होली का उत्सव प्रारंभ हो जाएगा। ठाकुर जी को प्रतिदिन गुलाल अर्पित होगी। रचना झांकी का क्रम भी प्रारंभ हो जाएगा। रविवार को रंग-बिरंगी गुलाल से श्रद्धालुओं का तिलक किया जाएगा। माघ पूर्णिमा होने के कारण एक फरवरी को श्रद्धालुओं पर प्रयागराज के त्रिवेणी संगम जल से अभिसींचन किया जाएगा। इस मौके पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। निःशुल्क यज्ञ में कोई भी आहुतियां अर्पित कर सकेंगे। श्रद्धालुओं को कोई भी सामग्री लाने की आवश्यक्ता नहीं हैं। इस मौके पर शाम पांच बजे गोविंद देवजी मंदिर परिसर में होली का डांडा पूजन किया जाएगा।

## नए भवन में संचालित हुआ उप-स्वास्थ्य केंद्र



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ब्लॉक नोखा की ग्राम पंचायत नोखागांव के राजस्व गांव बुधरों की ढ़ाणी में नव-निर्मित उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन में अब विधिवत रूप से स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। लंबे समय से अस्थायी भवन में संचालित हो रहा यह केंद्र अब स्थायी एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए भवन में कार्यरत होगा, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। सामाजिक कार्यकर्ता मुरली गोदारा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. रामेश्वर डूडी की अनुशंसा पर राज्य सरकार के बजट सत्र 2021-22 में इस उप-स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति दी गई थी। भवन निर्माण पूर्ण होने के पश्चात अब यहां नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से शुरू कर दी गई हैं। नए भवन का विधिवत हैंडओवर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं निर्माण एजेंसी के सहायक अभियंता सिविल जितेन्द्र भाटी, कनिष्ठ अभियंता बिजली देवेन्द्र सिंह एवं ठेकेदार बनवारी बिश्नोई द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी नोखागांव की प्रभारी डॉ. मंजू मेघवाल तथा उप-स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम विमला सारण को चाबियां सौंपकर किया गया। इस नव-निर्मित भवन में एएनएम कक्ष, दवा वितरण केंद्र, टीकाकरण कक्ष, जांच कक्ष एवं एएनएम आवास सहित आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पीएचसी प्रभारी डॉ. मंजू मेघवाल ने बताया कि यह उप-स्वास्थ्य केंद्र विशेष रूप से टीकाकरण सेवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे दूर-दराज की ढ़ाणियों में निवासरत ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत सरपंच पुरखाराम देपन ने डॉ. मंजू मेघवाल का तथा वार्ड पंच बालूराम सियाग ने एएनएम विमला सारण का साफा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया। इस अवसर पर सरपंच पुरखाराम देपन, वार्ड पंच बालूराम सियाग, पूर्व वार्ड पंच शंकरसिंह बालेचा, पूर्व वार्ड पंच बालूराम सियाग, मूलाराम सियाग, हड़मानराम सियाग, मानाराम सियाग, अमानाराम सियाग, पेमाराम सियाग, गंगाराम सियाग, रामूराम गोदारा, गोपीराम सियाग, गणेश मेघवाल, शंकरलाल सियाग, सहीराम सियाग आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गंगा कंवर, आशा सहयोगिनी राजादेवी ढ़ाका सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने नए भवन के संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। नए उप-स्वास्थ्य केंद्र के संचालन से अब ढ़ाणियों में निवासरत ग्रामीणों को समय पर एवं सुलभ चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी, जिससे मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण एवं प्राथमिक उपचार सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

## भामाशाह राजेश सहारण ने पेश की शिक्षा के प्रति मिसाल

निसं



**सरदारशहर (नवयत्न)।** जब समाज का कोई बेटा शिक्षा को संबल देता है तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संवर जाता है। ऐसा ही प्रेरणादायी उदाहरण सामने आया है ढाणी पांचेरा से, जहाँ गाँव के युवा उद्यमी एवं समाजसेवी भामाशाह राजेश सहारण ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया है। ढाणी पांचेरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं एमजीजीएस ढाणी पांचेरा में आयोजित भामाशाह सम्मान समारोह के दौरान राजेश सहारण ने 10 लाख रुपये का सहयोग प्रदान कर यह सिद्ध कर दिया कि जननी जणे तो एडो जणे, के दाता के सूर यह कहावत आज भी जीवंत है। कार्यक्रम का आयोजन पंचायत प्रशासक भरत राज सारण की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में पंचायत समिति सदस्य रति राम सारण, समाजसेवी सुशीला सारण, पार्षद हंसराज सिद्ध, डॉ डीसी स्वामी, प्रो. राजेश सारण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, वहीं कार्यक्रम का सान्निध्य विद्यालय के प्राचार्य कैलाश चन्द्र गंडास ने किया। भामाशाह सम्मान समारोह में विद्यालय परिवार द्वारा राजेश सहारण का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर भव्य अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुशीला सारण एवं पार्षद हंसराज सिद्ध ने भी 5100-5100 रुपयों का सहयोग प्रदान किया जबकि विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामवासियों द्वारा 40 हजार की राशि विद्यालय विकास हेतु भेंट की गई। समारोह में उपखंड स्तर पर सम्मानित शिक्षक दलीप कुमार मीणा का भी अभिनन्दन कर शिक्षा के प्रति उनके योगदान को सराहा गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य कैलाश चन्द्र गंडास एवं उप प्राचार्य सुरेन्द्र कस्वां ने सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है। कार्यक्रम में नन्दराम सारण, रामस्वरूप, मनीराम, हरिराम, दिलीप, मानाराम, शीशपाल, रुक्मानंद, ओमप्रकाश, संतलाल, आशाराम, लालचंद, हेतराम, विद्याधर, बाबूलाल, भागीरथ सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार, अनिता सिहाग एवं रजनी द्वारा किया गया। ढाणी पांचेरा में भामाशाह राजेश सहारण का यह योगदान न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए शिक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बन गया है।

## ऊंट तस्करी के खिलाफ कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार, दो वाहन जब्त

निसं




**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** खेतड़ीनगर पुलिस ने शुक्रवार को ऊंट तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने ऊंट तस्करी के काम में लिए जा रहे एक पीकअप व एक मिनी ट्रक भी जब्त किया है। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान मुखबीर की सूचनानुसार माता शिलाटी मंदिर के पास हरियाणा नम्बर गाडी जिसमें उंट भरकर तस्करी हेतु ले जा रहे है। उसको ग्रामीणों व गौ रक्षकों की सहायता से रोका गया। पीकअप गाडी के अन्दर आरोपी मुबारिक पुत्र रहमतुल्ला खां निवासी सलम्बा मेवात हरियाणा द्वारा तीन मादा उंट को पैर व मुंह बांधकर क्ररुतापुर्वक बैठा रखे थे तथा जिनको सामान्य जीवन जिने में काफी कठिनाई हो रही थी। जिनको वध करने के लिए गांव सलम्बा बुचडखाना नूंह मेवात ले जाना बताया। पिकअप गाडी मय मादा उंटो को जप्त किया गया। आरोपी मुबारिक को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा रॉयल्टी नाका ढाणी भरगढान से तस्करी कर उंटो को वध करने के लिए मेवात हरियाणा ले जाने की सूचना पर एक मिनी ट्रक को रोका गया जिसमें आरोपी शाहरूख पुत्र अख्तर निवासी शिव कॉलोनी फिरोजपुर झिरका मेवात हरियाणा द्वारा टाटा गाडी में आठ ऊंट को पैर व मुंह बान्धकर क्ररुतापुर्वक बैठा रखे थे । इस दौरान पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर पीकअप व मिनी ट्रक को जब्त कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राकेश कुमार, एचसी राजेश, कांस्टेबल योगेश, चन्द्रपाल आदि शामिल थे।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई



निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी प्रशासन भवन के परिसर में शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर केसीसी कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता के नेतृतव में कर्मचारियों व अधिकारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। जीडी गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार आज भी हमें आगे बढ़ने और कुछ अच्छा करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में भी मनाई जाती है। इस मौके पर केसीसी महाप्रबंधक खदान, पीडी बोहरा महाप्रबंधक प्रशासन, मानव संसाधन एस शिवदर्शी, मनीष गवई, वीबी गुप्ता, भुपेश बंबोरिया, डॉ गोपाल राठी, नागेश राजपुरोहित, सुनील कटेवा, मुन्नालाल जैदिया, अमरसिंह भालोठिया आदि कर्मचारी व अधिकारियों ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

## सात दिवसीय भागवत कथा 2 से

निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर तहसील के निकटवर्ती ग्राम आलसर शिव मंदिर में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजनकर्ता नीलकंठ महादेव ग्रुप के हनुमानसिंह राजवी ने बताया कि गाँव के शिव मंदिर में भागवत कथा का आयोजन 2 फरवरी से 8 फरवरी तक किया जा रहा है, जिसमें कथा का वाचन पंडित राकेश पारीक केशरदेसर के द्वारा किया जाएगा । 2 फरवरी को मंगल कलश यात्रा सुबह 9:15 बजे ठाकुरजी मंदिर से रवाना होगी। कथा का समय प्रतिदिन 11:15 से 3:30 तक का रहेगा। आयोजन को लेकर कथा स्थल पर तैयारियां जोर शोर से चल रही है।

## जलदाय मंत्री ने किया तकनीकी डायरी का विमोचन

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** राजस्थान पीएचडी तकनीकी कर्मचारी संघ द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित तकनीकी डायरी 2026 का आज जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने विमोचन किया संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष विजय ने बताया कि इस डायरी में महत्वपूर्ण संदेश सेवा नियमों की जानकारी व संगठन की कार्यकारिणी के फोन नंबर तथा जल बचाने की संदेश शामिल किए गए हैं जयपुर टीम द्वारा प्रकाशित डायरी को अवलोकन करते हुए मंत्री चौधरी ने प्रशासन टीम की तारीफ की और कहा कि संगठन की सकारात्मक सोच का परिणाम है यह डायरी का प्रकाशन व विमोचन हुआ इस अवसर पर मोहम्मद सदीक शहर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव संत कुमार शर्मा ओम प्रकाश शर्मा अवधेश पारीक श्याम सुंदर शर्मा छोटू राम सैनी राजेश यादव ओम प्रकाश चौटाला रविंदर सिंह सुशील कुमार जैन तथा बजरंग सिंह शेखावत सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे मंत्री ने सभी तकनीकी कर्मचारियों से जनता की सेवा में लगे रहने का आह्वान किया।

## विराट हिन्दू सम्मेलन आज

निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** उपखंड के कुलोठ खुर्द गांव में सर्व हिन्दू समाज द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सामाजिक सद्भाव कार्य जिला प्रमुख एडवोकेट बिशनपाल सिंह ने बताया कि शनिवार को गांव के बाबा मदननाथ आश्रम में सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, वहीं शहीद वीरांगनाओं को सम्मानित किया जायेगा।

## बच्चों को किट व बैग वितरित



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** रींगस कस्बे की पीएमश्री राजकीय सेठ सूरजमल, सतभाई उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को भामाशाह की ओर से स्कूली बैग व किट वितरित किये गये। प्रधानाध्यापक कुसुम लता शर्मा ने बताया कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को पीएम श्री योजना के तहत कला किट व स्कूली बैग प्रदान किये गये। इसी तरह अन्य कक्षा के विद्यार्थियो को भामाशाह विकास व मुकेश निठारवाल की ओर से अपने पिता चतुर्थीलाल की स्मृति में बैग वितरित किये गये। विद्यालय में कुल 228 बैग व कला किट वितरित कियेगये। इसमें भामाशह की ओर से 115 व पीएम श्री योजना में 113 बैग दिये गये। इस दौरान अनेक शिक्षक व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## इंडिया स्टोन मार्ट 5 से




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि इंडिया स्टोन मार्ट के आयोजन से राजस्थान के पत्थर उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश के कारीगरों को देश-विदेश में इस क्षेत्र की नवीनतम तकनीक की जानकारी मिल सकेगी। रीको, सीडोस और लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह कार्यक्रम नीति संवाद, तकनीक और वैश्विक सहयोग का अंतरराष्ट्रीय मंच बनेगा। कर्नल राठौड़ ने शुक्रवार को इंडिया स्टोन मार्ट 2026 के संबंध में संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान इस आयोजन में शामिल होने वाले देश-विदेश के प्रतिभागियों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। पत्थर उद्योग क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों को एक अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2000 में शुरू हुए इंडिया स्टोन मार्ट का इस वर्ष 13वां संस्करण है। यह अब तक का सबसे भव्य आयोजन होगा। इसमें चीन, तुर्की, ईरान, थाइलैंड, इटली सहित अन्य देशों से प्रदर्शक भी शामिल होंगे। कर्नल राठौड़ ने बताया कि आयोजन में राजस्थान में एक जिला एक उत्पाद के तहत चयनित पत्थर के उत्पादों के प्रदर्शन के लिए एक विशेष पवेलियन बनाया जाएगा। इससे प्रदेश के इन उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। इससे इन उत्पादों के निर्यात में वृद्धि होगी और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। कर्नल राठौड़ ने कहा कि राजस्थान को स्पष्ट नेतृत्व और नीति से नई दिशा मिला है। पिछले दो साल में निवेश प्रोत्साहन के लिए नई नीतियां और योजनाएं लागू की गई हैं। राज्य सरकार के इन प्रयासों के कारण राजस्थान एक बेहतरीन निवेश गंतव्य बन गया है। राइजिंग राजस्थान के तहत किए गए 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर काम शुरू हो गया है। इंडिया स्टोनमार्ट के संयोजक नटवर अजमेरा ने बताया कि इस बार इंडिया स्टोन मार्ट 2026 अपने इतिहास का सबसे बड़ा संस्करण होने जा रहा है। आयोजन लगभग 25,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में किया जा रहा हैए जिसमें 539 स्टॉल्स लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस संस्करण की सबसे बड़ी विशेषता इसकी अभूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय भागीदारी है। पहली बार चीन, तुर्की, ईरान, थाईलैंड, इटली, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम और यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका जैसे 8 देशों से प्रदर्शक इंडिया स्टोन मार्ट में भाग ले रहे हैं। यह वैश्विक विश्वास और आयोजन की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को दर्शाता है। लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सह महामंत्री नरेश पारीक ने कहा कि इंडिया स्टोन मार्ट 2026 एमएसएमई के लिए एक मजबूत और विश्वसनीय वैश्विक मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग भारती के तत्वावधान में यह आयोजन छोटे और मध्यम उद्यमों को अंतरराष्ट्रीय बाजार, नई तकनीक और निवेशकों से सीधे जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से एमएसएमई को न केवल व्यापारिक अवसर मिलते हैं, बल्कि नीति-संवाद और उद्योग से जुड़े मुद्दों को सरकार तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम भी मिलता है।

## ज्याणी का सेवानिवृति पर किया अभिनन्दन



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** राजकीय राजकीय कन्या महाविद्यालय, नोखा में पदस्थापित सहायक लेखाधिकारी-प्रथम सोहनलाल ज्याणी के अपनी 33 वर्षीय राजकीय सेवा पूर्ण कर राज्य सेवा से 31 जनवरी को सेवानिवृत होने के उपलक्ष्य में उपकोष कार्यालय, नोखा में उपकोषाधिकारी, नोखा रमेश कुमार व्यास की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर नोखा परिक्षेत्र के लेखाकर्मियों की गौरवमय उपस्थिति में स्वागत अभिनन्दन किया गया। व्यास ने ज्याणी के राज्य सेवा में किये कार्यों की सराहना करते हुए उनके विनम्र धीर व्यवहार को नई पीढी द्वारा आत्मसात करने की बात कही। इस अवसर पर सहायक लेखाधिकारी ओमप्रकाश शर्मा, भजनलाल, तर्ड, मनीष कुमार अग्रवाल कनिष्ठ लेखाकार श्यामसुन्दर, बलवीर जाट, पीताम्बरा कॅवर, प्रीति शर्मा, दिनेश धुंधवाल, भवानीशंकर दर्जी, सेवानिवृत कुंजबिहारी शर्मा, हरिकिशन शर्मा व रामस्वरूप लखारा, घनश्याम मकवाना सहित प्रबुद्धजन उपस्थित रहकर कार्यक्रम के साक्षी बने।

# खाटूश्यामजी मेले को लेकर अधिकारियों की बैठक आयोजित



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** खाटूश्यामजी के वार्षिक लक्खी मेले को लेकर उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में रींगस उपखण्ड के अधिकारियों की बैठक नगर पालिका के सभागार में हुई। बैठक में आज से ही अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये गये। उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता ने पिछली बैठक के दौरान दिये गये दिशा निर्देशों की प्रगति भी जानी। बैठक में उपखण्ड अधिकारी ने नगर पालिका सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत निगम जलदाय विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने सडक पेचवर्क, सफाई, जल आपूर्ति, परिवहन आदि पर अभी से काम पर लगने का निर्देश दिया । खाटूश्यामजी मंदिर कमेटी को लाखनी से रीगस तक विद्युत व्यवस्था व रोशनी के निर्देश दिये। बैठक में रींगस प्राचीन श्याम मंदिर की ओर से मुख्य रास्तो पोल व विद्युत खम्बो पर तिरंगा लाईट लगाने की जानकारी दी। वही भक्तों के भव्य स्वागत के लिए भी पहल की गई। रीगस तोरण द्वार से ही भक्तो का विभिन्न प्रकार की सजावट से स्वागत होगा। पदयात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए भी नवाचार किये जायेगे। इस दौरान अग्निशमन, सुरक्षा, साफ सफाई, सुविधाओं में विस्तार को लेकर आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में तहसीलदार महेश चन्द्र ओला थानाप्रभारी सुरेश कुमार देवन्दा, परिवहन निरीक्षक राजीव जैन, रेलवे स्टेशन अधिक्षक बाबू लाल बाजिया जीआरपी चौकी इन्चार्ज मुकेश सैनी जलदाय विभाग, विद्युत निगम, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद थे। यह होगी व्यवस्था उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पदयात्री रेलवे स्टेशन पर पटरियों को कोस नहीं करें इसके लिए जैतुसर रोड पर सहायता केन्द्र स्थापित कर दिल्ली, नीमकाथाना, श्रीमाधोपुर की तरफ से पैदल आने वाले भक्तो को जेतुसर रोड से सीटी बस स्टैण्ड होते हुए निकाला जायेगा। इससे रेलवे स्टेशन या रेल मार्ग की पटरियों को कोस नहीं करेंगे। इसी तरह जयपुर, श्रीमाधोपुर व दिल्ली की तरफसे आने वाले पदयात्रियो को भैरूजी मोड से खाटू रोड पर निकाला जायेगा। तौरण द्वार पर होगी भव्य स्वागत-भक्तों को रींगस स्थित तोरण द्वार से ही भक्तिमय व देश भक्तिमय माहौल का नजारा होगा। इसके लिए प्राचीन श्याम मंदिर की ओर से तोरण द्वार से ऑवर ब्रिज तक तिरंगे की सजावट का प्रस्ताव रखा गया। मंदिर कमेठी विशेश सजावट करवायेगी। इसके लिए मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह व राहुल सिंह ने बताया कि तैयारिया प्रारम्भ कर दी गई है। पालिका अध्यक्ष, जनप्रतिनिधी व व्यापारियो को नहीं बुलाने की रही चर्चा बैठक में मेले की व्यवस्था को लेकर नगर पालिका के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष व्यापारियों व गणमान्य नागरिक को नही बुलाया गया। ऐसे में मेले के दौरान आमजन व शहर की क्या समस्या है इस पर विचार ही नहीं किया गया। ऐसे में मेले के दौरान आमजनों की परेशानी कम होने के बजाय बळ जाती है। उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि मेले से दस दिन पहले पेचवर्क व रासतो का निरीक्षण किया जाना चाहिए। लाईटए पानी की आवागम की समस्या पर विशेशध्यान देना चाहिए। मेले केदौरान रास्ता बन्द कर दिया जाता है। ऐसे में रींगस व्यापारी व आमजन खासे परेशान रहते है। उनकी तोसुननी चाहिए।

## महिला सुरक्षा एवं जागरूकता शिविर आयोजित




निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** महिला अधिकारिता विभाग एवं विनायक महिला विकास समिति के तत्वाधान में पुलिस थाने में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर 20 भूतोडिया सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के पास में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक परामर्शदाता श्वेता सांखला ने बालिकाओं को कहा कि आप भय मुक्त पढ़ाई करें कहीं भी आपके साथ छेड़छाड़ जैसी घटनाएं होती है तो आप छुपा, नहीं अपने गुरुजनों परिवार जनों और पुलिस को सूचित करें। कार्यक्रम में महिलाएं व बालिका बालिकाओं को महिला घरेलू हिंसा, महिला अत्याचार आदि विषय पर विस्तार से जानकारी दी। सांखला ने बालिकाओं को बताया कि बिल्कुल निडर होकर पढ़ें। आपके आसपास में कहीं भी कोई महिला घरेलू हिंसा से पीड़ित हो आप उनको महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र पर भेजें जहां उनकी पूरी मदद की जाएगी। साथ ही गुड टच, बेड टच, महिला हेल्पलाइन नंबर, आदि के बारे में जागरूक किया।

# आसोटा ग्राम पंचायत क्षेत्र में नियम विरुद्ध चल रहे व्यवसायिक निर्माण

## कृषि भूमि का अकृषि उपयोग से राजस्व को भारी हानि

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** उपखंड की आसोटा ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्रशासनिक अनुमति और भूमि रूपांतरण के बिना ही व्यवसायिक निर्माण धड़ल्ले से किए जा रहे हैं। यहां सुजला चौराहे पर एक तीन मंजिला व्यावसायिक होटल का निर्माण बिना किसी वैधानिक स्वीकृति के खुलेआम करवाया जा रहा है, जिससे तहसील राजस्व कोष को भारी नुकसान हो रहा है।

### कृषि भूमि में अकृषि उपयोग से राजस्व हानि

जानकारी के अनुसार ग्राम सुजला के खसरा नंबर 370 पर अवैध रूप से भव्य होटल का निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है। वहीं इसके समीप ही एक नॉनवेज होटल का निर्माण कार्य



भी पिछले कई दिनों से बेरोकटोक जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कृषि क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे इन व्यवसायिक निर्माण से न केवल सरकारी नियमों की अनदेखी हो रही है, बल्कि राजस्व पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है। सूचना के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में गहरी नाराजगी है।

### कार्रवाई के लिए जिम्मेदारों को करवाया अवगत

इस संबंध में पटवारी नंदलाल जाट ने बताया कि कृषि भूमि में अकृषि कार्य किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। इसकी रिपोर्ट बनाकर तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे को अग्रिम कार्रवाई के लिए भिजवा दी गई है। ईधर तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे ने स्पष्ट कहा कि नियम विरुद्ध चल रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ नियमानुसार सीज की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस संबंध में एसडीएम को अग्रिम कार्रवाई के लिए लिखा गया है।

# वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** पीएम श्री इन्द्रमणि शारदा बालिका विद्यालय, तारानगर में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने विद्यालय की होनहार बालिकाओं को सम्मानित किया। जांगिड ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और संस्कार देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। जांगिड़ ने जलभराव, विद्यालय भवन निर्माण आदि विद्यालय की समस्याओं के लिए विद्यालय प्रशासन को मुख्यमंत्री व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ से मिलकर समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। समारोह के विशिष्ट अतिथि भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, एसीबीईओ संजय शर्मा, पार्षद हरि इंदौरिया, प्रधानाचार्या कमलेश, निर्मल छीम्पा, विश्वनाथ भाटी व रामनिवास धेतरवाल थे। संचालन मांगीलाल आसवानी ने किया। समारोह में विनोद कस्वा, ओंकारमल सहारण, उर्मिला, शीला सैनी, उषा पचार, रक्षा सारस्वत, पूनम आर्य सहित विद्यालय स्टाफ, बालिकाएं तथा अभिभावकगण मौजूद रहे।

## बालाजी धाम मंदिर में भव्य प्रतिष्ठापना पाटोत्सव आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सिद्धपीठ श्री दक्षिण मुखी बड़ा तालाब बालाजी धाम मंदिर में शनिवार को प्रतिष्ठापना पाटोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर की मीडिया प्रभारी ज्योति तनवानी ने बताया कि इस धार्मिक समारोह में आम जनता और भक्तों के सहभागिता की अपेक्षा है।

मंदिर के महंत जगदीश प्रसाद शर्मा के सानिध्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम सुबह 8:05 बजे, मूर्ति पूजन एवं हवन सुबह 10:30 बजे, महाआरती दोपहर 12:15 बजे, भजन-कीर्तन कार्यक्रम दोपहर 2:30 बजे से प्रमुख भजन गायिकाओं संतोष खंडेलवाल, संतोष मिश्रा और वंदना राठौर के नेतृत्व में भजनों का विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में एमके स्कूल की शानदार सफलता

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न ) ।** पिपराली रोड स्थित एमके मेमोरियल शिक्षण संस्थान सीबीएसई स्कूल के विद्यार्थियों ने एक राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। विद्यालय परिसर में आयोजित एक समारोह में इन चैंपियन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन महावीर प्रसाद ढाका ने बताया कि नेशनल पैंथर्स ओपन कराटे चैंपियनशिप 2026, जो जयपुर के एसआर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित हुई, में स्कूल के विद्यार्थियों ने कुल 13 पदक 4 स्वर्ण, 4 रजत, 5 कांस्य



जीते। देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों के बीच सर्वाधिक पदक जीतने के आधार पर एमके स्कूल को प्रतियोगिता का द्वितीय स्थान प्रथम उपविजेता प्राप्त हुआ और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इसके अलावा एसजीएफआई विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में भी स्कूल के 46 विद्यार्थियों ने भाग लेकर विभिन्न श्रेणियों में बेल्ट प्राप्त किए, जिनमें ब्राउन बेल्ट से लेकर येलो बेल्ट तक शामिल हैं। समारोह में संस्था के को-डायरेक्टर इंजीनियर मनीष ढाका ने सभी विजेता विद्यार्थियों और उनके कोच मो. कलीम को बधाई दी और भविष्य में और सफलता की कामना की। इस अवसर पर संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय शर्मा, प्रधानाचार्य संगीता शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# भौम्यासा महाराज का कार्यक्रम 1 से



मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** श्री सुल्तान सिंह भौम्यासा महाराज अनोखू धाम पर 1 से 5 फरवरी तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर पर आचार्य शुभम शास्त्री, मानव स्वामी, रघुनाथ भामु, ट्रस्ट अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़ सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 1 फरवरी को सबसे पहले विशाल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा संतों की सानिध्य में 1100 महिलाओं द्वारा निकाले जाने का विशेष आयोजन इसमें 15 डीजे, 21 घोड़ी और 11 बग्गियों की शोभा यात्रा में शामिल होगी।

प्रतिदिन बृजराज सरकार अनिकेत शास्त्री द्वारा हनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार का आयोजन रहेगा, 4 फरवरी मंगलवार 21 कुंडीय 108 जोड़ों के साथ विशाल हनुमंत महायज्ञ का आयोजन, 5 फरवरी बुधवार कार्यक्रम का समापन विशाल संत समागम के साथ होगा। इसमें शेखावाटी सहित पूरे देश के विख्यात संत शामिल होंगे। भौम्यासा महाराज को 56 भोगों से भोग लगाया जाएगा। इस दिन अखंड भंडारे का भी आयोजन होगा। संत समागम में ओम दास महाराज, दिनेश गिरी महाराज, महंत महावीर जती, शिवरात्रि महाराज, चंद्रमा दास महाराज, अवधेशाचार्य महाराज, अश्वनी दास महाराज, अघोरी बाबा सहित कई प्रमुख संत शामिल होंगे। अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़ ने बताया कि भक्तों में इस आयोजन को लेकर बेहद उत्साह है। सभी घरों में निमंत्रण कार्ड वितरित किए जा रहे हैं और मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर सभी पधारे संतों का मोमेंटो देकर सम्मान भी किया जाएगा।

# ट्रक गहरे गड्डे में फंसा, यातायात अस्त-व्यस्त



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** शहर के व्यस्त धोद रोड पर सड़क की बदहाल स्थिति एक बार फिर चर्चा में है। शुक्रवार सुबह एक बड़ा ट्रक रास्ते में बने गहरे गड्ढे में फंस गया, जिससे ट्रक का पिछला एक्सल और टायर क्षतिग्रस्त हो गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस मार्ग पर बार-बार दुर्घटनाएं होने और जनता द्वारा बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासनिक लापरवाही जारी है। उनका कहना है कि सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़ी सतह दुर्घटनाओं का मुख्य कारण हैं लेकिन समय पर मरम्मत का काम नहीं हो रहा है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने स्वयं मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था बहाल करने में मदद की। अब तक प्रशासन या नगर निगम की ओर से कोई टीम मरम्मत कार्य के लिए नहीं पहुंची है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि धोद रोड सहित शहर की अन्य टूटी-फूटी सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# अध्यक्ष सैनी के कार्यकाल के समापन पर विदाई समारोह आयोजित

निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** नगर पालिका उदयपुरवाटी में अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास सैनी के कार्यकाल के समापन के 5 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को विदाई समारोह आयोजित हुआ। विदाई समारोह में भाजपा नेता दशरथ सिंह शेखावत, अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास सैनी, भाजपा नेता कुबेर सिंह शेखावत एपूर्व अध्यक्ष रुडमल सैनी, मोहम्मद अजीज, बला राम सैनी, मास्टर जगदीश कुमावत, श्यामलाल सैनी, माहिर खान, सुरज्ञान सैनी आदि अतिथियों की मौजूदगी में अध्यक्ष



का 5 वर्ष के कार्यकाल समापन पर विदाई समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर पार्षद मोहम्मद अजीज बलाराम सैनी, भाजपा नेता कुबेर सिंह शेखावत एभाजपा नेता डॉक्टर दशरथ सिह शेखावत, मास्टर जगदीश कुमावत, मदन सैनी सहित आदि ने एडवोकेट रामनिवास सैनी के 5 वर्ष के कार्यकाल में हुए ऐतिहासिक कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की है । अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास सैनी ने समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि 70 वर्ष में जो कार्य नहीं हुए है वे मेरे 5 वर्ष के कार्यकाल में ऐतिहासिक कार्य करके एक मिसाल काम की है जिसमें शाकंभरी गेट से शाकंभरी जाने वाली 2 किलोमीटर लंबीए 60 फीट चौड़ी रोड का निर्माण एराजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में अतिक्रमण को हटाकर सरकारी कॉलेज की स्थापना, झुंझुनू रोड से धनावता तक सड़क का निर्माण, मनसा कॉलेज से बणी मौहल्ला तक बड़ी बस, ट्रक जाने के लिए चौड़ाइकरण सड़क का निर्माण, रेगरो के मोहल्ले में पानी निकासी के लिए बड़े नालों का निर्माण, उदयपुरवाटी झुंझुनू रोड पर पानी निकासी के लिए नालों का निर्माण, उदयपुरवाटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ट्रॉमा सेंटर, नगर पालिका क्षेत्र में हजारों पट्टे जारी करनाएनई सब्जी मंडी के पास उदयपुरवाटी से झुंझुनू रोड पर नगर पालिका की 5 बीघा जमीन को मुक्त कर नगर पालिका के अधीनस्थ सहित आदि सराहनीय कार्य हुए हैं । इस अवसर पर अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास सैनी ने आए हुए अतिथि गणों का आभार प्रकट करके धन्यवाद दिया ।

इस दौरान अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास सैनी ने नगर पालिका के कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान सांवरमल सैनी, ओंकारमल सैनी, शिव प्रसाद चेजारा, ताराचंद सैनी, भागीरथ सैनी, द्वारका असवाल, विनोद सैनी, इस्लामुद्दीन मीर, जमील कुरैशी, यूनुस कुरैशी सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# सुप्रीम कोर्ट की सही रोक

सुप्रीम कोर्ट ने उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी की ओर से लाए गए नए नियमों पर रोक लगाकर कलह और अविश्वास के वातावरण को ही दूर करने का काम किया है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रथमदृष्ट्या यह पाया कि नए नियमों में अस्पष्टता है और इसके चलते उनका दुरुपयोग होने की आशंका है।

अच्छा होता कि इसे यूजीसी की ओर से ही भांप लिया जाता और उसकी ओर से ऐसे नियम बनाए जाते, जो दुरुपयोग की आशंकाओं को जन्म नहीं देते। इससे इन्कार नहीं कि उच्च शिक्षा संस्थानों में यदा-कदा भेदभाव के मामले आ जाते हैं, लेकिन उन्हें रोकने के लिए यूजीसी ने जो नए नियम बनाए, उन्हें देखकर ऐसा लग रहा था, जैसे शिक्षा संस्थानों में बड़े पैमाने पर भेदभाव हो रहा था और एससी-एसटी-ओबीसी वर्गों के लाखों छात्र पीड़ित हो रहे थे।

नि:संदेह ऐसी स्थिति नहीं थी। सच यह है कि शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव की कुछ ही शिकायतें सामने आती थीं और उनमें भी चुनिंदा ही सही पाई जाती थीं। आखिर ऐसे में ऐसे नियम क्यों बनाए गए, जो यह प्रतीति करा रहे थे कि शिक्षा संस्थान जातिगत भेदभाव के गढ़ बन गए हैं? जब नियम-कानून बनाते समय कोई समस्या अतिरंजित दिखाई जाती है तो समाज में गलत संदेश तो जाता ही है, राजनीतिक रोटियां सेंकने वालों की भी पौ बारह हो जाती है।

यूजीसी के नए नियमों के मामले में भी ऐसा ही हुआ। इन नियमों को लेकर विभाजनकारी राजनीति होने लगी और आरक्षित एवं सामान्य वर्गों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने का काम होने लगा। आखिर यूजीसी ने यह आभास क्यों नहीं किया कि समय के साथ जैसे सार्वजनिक स्थानों और कार्यस्थलों पर जातिगत भेदभाव कम हुआ है, वैसे ही शिक्षा संस्थानों में भी स्थिति सुधरी है?

यह समझना भी कठिन रहा कि नए नियमों में भेदभाव को जाति- आधारित भेदभाव क्यों कर दिया गया और झूठी शिकायतों के लिए सजा के प्रविधान को क्यों हटा दिया गया? फिलहाल कहना कठिन है कि यूजीसी के नियमों में किस तरह के संशोधन-परिवर्तन होंगे, लेकिन यह ध्यान रखा जाए तो बेहतर कि किसी भी तरह के भेदभाव रोकने के उपाय ऐसे नहीं होने चाहिए, जो समाज को जाति के खांचों में विभक्त दिखाएं।

इस सदंर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने यह सही कहा कि हमें उस स्थिति में नहीं जाना चाहिए, जहां भिन्न-भिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग शिक्षा संस्थान हों। देश को ऐसे वातावरण की ओर बढ़ना चाहिए, जिसमें कहीं भी किसी तरह के भेदभाव के लिए कोई गुंजाइश न रहे और यदि कहीं कोई समस्या सामने आए तो उसका समाधान इस तरह किया जाए, जिससे सामाजिक सद्भाव को बल मिले। शिक्षा संस्थानों में तो ऐसा वातावरण होना और भी आवश्यक है।




## विशेष आलेख

# महाराष्ट्र की राजनीति बदलने के संकेत



अजीत पवार के निधन से जीवन का यही सच पुन: रेखांकित हुआ कि नियति के आगे इंसान बेबस है। जिस शख्स ने अपने नाम और काम से महाराष्ट्र की राजनीति में 'दादा' का संबोधन हासिल किया, विमान दुर्घटना में मृत्यु के बाद उसकी पहचान 'घड़ी' से करनी पड़ी। संयोगवश 'घड़ी' अजीत की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का चुनाव चिह्न है। अजीत के नाम पर ही देश में सबसे ज्यादा छह बार उपमुख्यमंत्री बनने का कीर्तिमान है। सत्ता-प्रेम के चलते उनके रास्ते अपने चाचा शरद पवार से भी अलग हो गए, जिनकी अंगुली पकड़ कर वह राजनीति में आए थे।

लोकसभा चुनाव में बेहद खराब प्रदर्शन के बाद अजीत की एनसीपी ने विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन से चौंकाया। वे चाचा शरद पवार की पार्टी पर भारी पड़े, पर राजनीति असीमित संभावनाओं का खेल है। इधर दोनों गुट नजदीक भी आने लगे थे। हाल के निकाय चुनावों में कुछ जगह दोनों गठबंधन कर चुनाव लड़े थे, तो आसन्न जिला पंचायत चुनाव भी मिलकर लड़ने का मन बन गया था। इसलिए राजनीतिक गलियारों में बड़ा सवाल यही है कि क्या अजीत के निधन के बाद पवार परिवार और एनसीपी के दोनों गुट एक होंगे?

राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय शरद पवार द्वारा महाराष्ट्र की राजनीति अजीत को सौंप देने के बाद उन्हें ही राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जा रहा था, लेकिन बेटी सुप्रिया सुले की बढ़ती राजनीतिक सक्रियता से भतीजे की महत्वाकांक्षाएं टकराने लगीं। यह टकराव पहली बार सतह पर तब आया, जब 2019 में राजभवन में देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री की एकाएक शपथ ले ली। वह सरकार लगभग 82 घंटे ही चल पाई, पर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में बनी वैकल्पिक सरकार में एनसीपी कोटे से अजीत को ही उपमुख्यमंत्री बनाने से संदेश गया कि पवार परिवार की दरारें भर गई हैं।

वह खुशफहमी तभी तक बरकरार रह पाई, जब तक कि शिवसेना में विभाजन से एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में भाजपा नई सरकार बनवाने में सफल नहीं हो गई। सरकार को विधानसभा में बहुमत प्राप्त था, फिर भी अजीत पवार एनसीपी तोड़ कर उसमें उपमुख्यमंत्री बन गए। उसके मूल में अजीत के सत्ता-प्रेम के साथ-साथ शिंदे पर भाजपा का अविश्वास भी बड़ा कारक रहा। 2024 के चुनाव में 288 सदस्यीय विधानसभा में अकेले दम 132 सीटें जीतने के बावजूद भाजपा ने शिंदे और अजीत को उपमुख्यमंत्री बनाते हुए गठबंधन सरकार बनाई। दरअसल अपेक्षाकृत विश्वसनीय अजीत को भाजपा अति महत्वाकांक्षी शिंदे पर नियंत्रण के लिए भी इस्तेमाल करती रही।

अब जबकि अजीत पवार नहीं रहे, तो सवाल यही है कि क्या फडणवीस सरकार के समीकरण भी बदलेंगे? जाहिर है, इन दोनों सवालों का सही जवाब पवार परिवार की राजनीति पर निर्भर करेगा। पवार परिवार और उसकी राजनीति को जानने वाले मानते हैं कि पिछले विधानसभा चुनाव में मराठा राजनीति जिस तरह हाशिये पर खिसक गई है, उसके मद्देनजर खोया हुआ रुतबा पाने के लिए एनसीपी के दोनों गुटों के समक्ष एकता के अलावा कोई विकल्प नहीं। बेशक बेहतर पारिवारिक समझदारी इसमें मददगार होगी, लेकिन राजनीतिक सत्ता का बंटवारा तो करना ही पड़ेगा। आखिर विधानसभा चुनाव में चाचा पर भारी पड़े भतीजे का परिवार राजनीतिक सत्ता में अपना हिस्सा क्यों नहीं चाहेगा? भाजपा को स्वाभाविक ही अजीत की पत्नी सुनेत्रा या दोनों बेटों-पार्थ और जय में से एक को उपमुख्यमंत्री बनाने में भी कोई रणनीतिक समस्या नहीं होगी, लेकिन बिना करिश्माई नेतृत्व के वह व्यवस्था कितनी लंबी चल पाएगी?

बेशक प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे जैसे नेता भी हैं, पर 2029 में जब लोकसभा और विधानसभा चुनाव होंगे, तो एनसीपी के अजीत गुट को चुनाव जिताऊ चेहरा चाहिए होगा। ऐसे में जीवन के संध्याकाल में खड़े शरद पवार को परिवार की सत्ता महत्वाकांक्षाओं में तर्कसम्मत संतुलन बिठाना होगा। सबसे अहम होगा एकजुट एनसीपी का नेतृत्व। खुद मार्गदर्शक की भूमिका स्वीकारते हुए शरद पवार अपनी बेटी को दिल्ली और अजीत के परिवार द्वारा चुने गए उत्तराधिकारी को महाराष्ट्र की राजनीति सौंप कर एकता का फार्मूला निकाल सकते हैं, लेकिन एकजुट एनसीपी की राजनीतिक राह चुनना दूसरी बड़ी चुनौती होगी। क्या बुजुर्ग पवार अपने भतीजे के परिवार और बेटी को सत्ता राजनीति में स्थापित करने के लिए विपक्षी मोर्चे आइएनडीआइए का मोह त्याग कर राजग में शामिल होंगे? वैसे भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में शायद ही कोई ऐसा हो, जिससे पवार का सीधा संपर्क और संवाद न हो। पवार तो कहे भी 'पावर प्लेयर' जाते हैं।

# अति आशावाद से बचें

देश में आम बजट से पहले सामने आने वाले आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को लचीला व गतिशील बनाने पर बल दिया गया है। यह सर्वेक्षण उन चुनौतियों की ओर भी इशारा करता है, जिनके लिए सावधानीपूर्वक नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता है। दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में चालू वित्तीय वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद दर यानी जीडीपी के 7.4 रहने का भरोसा जताया गया है। वहीं आर्थिक सर्वेक्षण वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकास वृद्धि दर के 6.8 से 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इस अनुमान में सीमापरक तनाव, व्यापार में व्यवधान और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता को भी ध्यान में रखा गया है। निश्चित रूप से यह सावधानीपूर्वक दर्शाया गया आशावादी दृष्टिकोण घरेलू मांग, उपभोग और निवेश की मजबूती को ही दर्शाता है। इसके बावजूद कि तमाम बाहरी जोखिम विद्यमान हैं, मसलन टैरिफ को लेकर आपूर्ति श्रृंखला में तनाव व देश की अपेक्षाओं का संतुलन बनाना शामिल है। यह सार्थक है कि सर्वेक्षण यथार्थवाद को नजरअंदाज नहीं करता है, जो यह भी दर्शाता है कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था पूंजी प्रवाह व मुद्रा की ताकत से ही सफलता सुनिश्चित नहीं होती। यह भी हकीकत है कि एआई जैसी नई तकनीकों से होने वाले लाभ असमानता को ही बढ़ावा देते हैं। लेकिन इसके लिये भी सहायक मानव संसाधन और विनियामक ढांचे की जरूरत होती है। खासकर भारत जैसे देश में जहां श्रम शक्ति का बाहुल्य है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि हम दुनिया में सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देश होने का लाभ उठाएं। इसके लिये कौशल विकास को प्राथमिकता देने की सख्त जरूरत है, जिससे हम गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी उत्पादों के जरिये विश्व में आर्थिक स्पर्धा का मुकाबला कर सकें। ये कदम हमारे निर्यात बढ़ाने में भी सहायक हो सकते हैं। कालांतर में ये हमारे व्यापार घाटे को कम करने में भी मददगार साबित हो सकता है। इसमें दो राय नहीं है कि हालिया आर्थिक सर्वेक्षण के जरिये एक महत्वाकांक्षी रोड मैप बनाने का प्रयास किया गया है, जिसके अंतर्गत स्वदेशी अभियान को तरजीह देने से लेकर रणनीतिक लचीलेपन और रणनीतिक अनिवार्यता भारत की आर्थिक क्षमता की परीक्षा लेने वाला साबित हो सकता है।

## स्वास्थ्य समाचार

# बढ़ते कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए रोजाना सुबह खाएं यह चीजें

गलत खानपान से शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने लगता है। कोलेस्ट्रॉल दो प्रकार के होते हैं। इसे गुड और बैड कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। गुड कोलेस्ट्रॉल सेहत के लिए फायदेमंद होता है। वहीं, बैड कोलेस्ट्रॉल हृदय के लिए नुकसानदेह होता है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कोलेस्ट्रोल से स्ट्रोक का भी डर रहता है। बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से रक्त संचार में बाधा आती है। इस वजह से ही स्ट्रोक और हृदयघात होता है। इसके लिए बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखना बहुत जरूरी है। अगर आप भी बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करना चाहते हैं, तो रोजाना सुबह में इन चीजों का सेवन करें।



### ओट्स खाएं

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो ओट्स में विटामिन, आयरन, थायमिन, फोलेट, पोटेशियम, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, जिंक जैसे आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये आवश्यक पोषक तत्व मोटापा, मधुमेह और बढ़ते कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में फायदेमंद साबित होते हैं। इसके लिए रोजाना सुबह में ओट्स खाएं। इसके सेवन से बढ़ते कोलेस्ट्रॉल को आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है।

### नट्स खाएं

नट्स में प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, जिंक, फाइबर, असंतृप्त फैटी एसिड समेत कई आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये सभी आवश्यक पोषक तत्व हृदय से लेकर दिल की बीमारियों में फायदेमंद होते हैं। अगर आप बढ़ते वजन से परेशान और कंट्रोल करना चाहते हैं, तो नट्स का सेवन जरूर करें। हालांकि, सेवन करने की मात्रा को लेकर एक बार डॉक्टर से जरूर सलाह लें।

### सोया उत्पादों का सेवन करें

हेल्थ एक्सपर्ट्स हमेशा बढ़ते कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए सोया उत्पादों का सेवन करें। इसके लिए टोफू, सोया मिल्क, सोयाबीन आदि चीजों का सेवन करें। इन चीजों के सेवन से कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रहता है।

# बेसन में मिलाकर चेहरे पर लगाएं यह चीजें, निखर उठेगी त्वचा



बेसन का उपयोग खाने, स्किन केयर और बालों के लिए किया जाता है। बेसन पोषक तत्वों से भरपूर होता है, इसलिए इसे सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा आप अपनी स्किन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए भी बेसन का उपयोग कर सकते हैं। बेसन स्किन के दाग-धब्बों को मिटाने, एक्ने को दूर करने और त्वचा में निखार लाने का काम करता है। इसके अलावा बेसन का उपयोग करने से त्वचा की रंगत में भी सुधार होता है। अधिकतर लोग बेसन में सिर्फ पानी मिलाकर लगा देते हैं। लेकिन इससे आपको सिर्फ बेसन के ही लाभ मिल पाते हैं। इससे स्किन अधिक हाइड्रेट नहीं हो पाती है। अगर आप स्किन को हाइड्रेट बनाना चाहते हैं, तो बेसन के साथ कुछ अन्य चीजों को भी मिक्स जरूर करें।

**बेसन में दही मिलाकर लगाएं :** आप अपने बेसन में दही मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। दही में मौजूद एंजाइम्स त्वचा को क्लीन और मॉइश्चराइज करने में मदद करते हैं। इसके साथ ही बेसन और दही स्किन से डेड स्किन सेल्स को भी रिमूव करते हैं। इशके लिए आप 2 चम्मच बेसन लें। इसमें 2-3 चम्मच दही मिलाएं। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें। बेसन और दही का पेस्ट लगाने से चेहरे की रंगत में सुधार हो सकता है। मुहांसों से भी छुटकारा मिल सकता है।

**बेसन में गुलाब जल मिलाकर लगाएं :** आप अपने चेहरे पर बेसन में गुलाब जल मिलाकर भी लगा सकते हैं। इसके लिए आप 2 चम्मच बेसन लें। इसमें गुलाब जल डालें और महीन पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपने पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें। बेसन और गुलाब जल से स्किन हाइड्रेट बनेगी। त्वचा को ठंडक मिलेगी, स्किन से डेड स्किन सेल्स रिमूव होंगी। साथ ही स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल भी निकलेगा। आप चाहें तो इसमें मुल्तानी मिट्टी भी मिला सकते हैं।

**बेसन में ग्रीन टी मिलाकर लगाएं :** आप अपने चेहरे पर बेसन में ग्रीन टी मिलाकर भी लगा सकते हैं। बेसन और ग्रीन टी का कॉम्बिनेशन डैमेज स्किन को रिपेयर करने में मदद कर सकता है। दरअसल, ग्रीन टी में एंटीऑक्सीडेंट्स गुण पाए जाते हैं। ये ऑक्सीडेटिव तनाव को कम कर सकते हैं, स्किन को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। इसके लिए आप ग्रीन टी को गर्म पानी में डालें। अब इस पानी को गुनगुना होने दें। इसके बाद 2 चम्मच बेसन में ग्रीन टी डालें। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरे को धो लें। इससे आपकी स्किन की रंगत में सुधार होगा।

**बेसन में संतरे का जूस मिलाकर लगाएं :** आप अपने चेहरे पर बेसन में संतरे का जूस मिलाकर लगा सकते हैं। संतरे के जूस में सिट्रिक एसिड होता है। यह स्किन से दाग-धब्बों को मिटाने में मदद करता है। स्किन को एक्सफोलिट करता है और त्वचा की रंगत में सुधार कर सकता है। इसके लिए आप 2 चम्मच बेसन लें। इसमें संतरे का जूस मिलाएं। अब इन दोनों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें और चेहरे पर लगा लें। आप इस पेस्ट को सप्ताह में 1 बार इस्तेमाल कर सकते हैं।

# पुरुषों में फर्टिलिटी बढ़ाने में बेहद असरदार हैं यह योगासन

खराब लाइफस्टाइल और डाइट का असर हमारी सेहत पर कई अलग-अलग तरीकों से पड़ता है। इसके चलते जहां कुछ चलते मोटापे, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, स्ट्रेस जैसी समस्याओं से जूझते हैं, तो वहीं कुछ लोग फर्टिलिटी की समस्याओं से। प्रजनन से जुड़ी समस्याएं महिलाओं में ही नहीं, पुरुषों में भी देखने को मिल रही है। जिसके लिए लोग तरह-तरह के ट्रीटमेंट का सहारा ले रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं फर्टिलिटी प्रॉब्लम दूर करने में योग काफी हद तक आपकी मदद कर सकता है? जी हां, कुछ ऐसे योगासन हैं जो बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन सुधारते हैं। जिसकी वजह से स्ट्रेस दूर होता है साथ ही प्रोस्टेट ग्लैंड और ओवरी से रिलेटेड प्रॉब्लम भी दूर होती है। जिससे फर्टिलिटी बढ़ाने में मदद मिलती है।

### पश्चिमोत्तानासन

यह आसन को करने से अपर और लोअर बॉडी की बहुत अच्छी स्ट्रेचिंग हो जाती है। हिप्स और हैमस्ट्रिंग मसल्स में ब्लड सर्कुलेशन के साथ ही फ्लेक्सिबिलिटी भी बढ़ती है। लोअर बॉडी में ब्लड का सही सर्कुलेशन प्रजनन से जुड़ी दिक्कतों को दूर करने के लिए बहुत जरूरी होता है। इसके अलावा इससे पेट के अंदरूनी अंगों की भी अच्छी मसाज होती है जिससे ओवरऑल हेल्थ सही रहती है।



### उत्तानासन

यह पूरी तरह पश्चिमोत्तानासन ही है बस इसे खड़े होकर किया जाता है। इस आसन के अभ्यास से कोशिकाओं में ब्लड के साथ ही ऑक्सीजन का प्रवाह भी बढ़ता है। लोअर बॉडी की अच्छी स्ट्रेचिंग हो जाती है और तो और हार्मोनल बैलेंस बनाने में मदद करता है उत्तानासन।

### भुजंगासन

इस योगासन को करने से हिप एरिया में ब्लड का सही तरीके से सर्कुलेशन होता है। जिससे प्रजनन क्षमता बढ़ती है, मोटापा तेजी से कम होता है जो कई समस्याओं की जड़ है। इससे बैक की फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ाकर उसे स्ट्रॉन्ग भी बनाया जा सकता है।

### सेतुबंधासन

सेतुबंधासन भी कई समस्याओं को दूर करने वाला बेहद प्रभावी योगासन है। यह योग प्रजनन अंगों में रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है जिससे वो अपना काम सही तरीके से कम पाते हैं। इसके अलावा यह तनाव, डिप्रेशन और थकान के लक्षणों को भी कम करता है।

### बालासन

फर्टिलिटी बढ़ाने में बालासन भी बेहद फायदेमंद आसन है। इसको करने से प्रजनन अंगों में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, साथ ही तनाव भी दूर करता है। ये आसन पीठ, घुटनों, हिप्स और जांघों की मांसपेशियों को भी फैलाता है।

### सूर्य नमस्कार

सूर्य नमस्कार के एक नहीं कई फायदे होते हैं। ये कई आसनों का मिक्स होता है जो शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर काम करते हैं। कुछ आसन जहां फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ाते हैं, तो कुछ मोटापा कम करते हैं, तो वहीं कुछ स्ट्रेस में कमी लाते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय बढ़ेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी।

### वृष
दूर से सुखद सूचना मिल सकती है। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

### मिथुन
नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। नए मित्र बनेंगे। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बन सकती है। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शुभ समय।

### कर्क
पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय भावना में बहकर न करें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। आय बनी रहेगी। थकान महसूस होगी।

### सिंह
परिवार तथा मित्रों के साथ कोई मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है। रुका हुआ पैसा मिलने का योग है। मित्रों के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। नया कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रशंसा प्राप्त होगी। समय अनुकूल है। आलस्य त्यागकर प्रयास करें।

### कन्या
कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। कारोबार में वृद्धि पर विचार हो सकता है। नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होगा। उत्साह व प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

### तुला
किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगी। धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा व्यय हो सकता है।

### वृश्चिक
चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। मानसिक क्लेश होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में कमी हो सकती है। व्यापार ठीक चलेगा। लोगों से अधिक अपेक्षा न करें।

### धनु
जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। विरोध होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

### मकर
भूमि, भवन, दुकान, शोरूम व फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त हो सकती है। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

### कुंभ
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। शरीर कष्ट से बचें।

### मीन
दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

# ऐतिहासिक रिकॉर्ड्स के साथ दौड़ेगा जयपुर
# एक फरवरी को होगी एयू मैराथन दौड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी एक बार फिर दौड़ते कदमों, राष्ट्र प्रेम और फिटनेस के उत्सव की साक्षी बनने जा रही है। संस्कृति युवा संस्था एवं वर्ल्ड ट्रेड पार्क के तत्वावधान में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और राजस्थान टूरिज्म के सहयोग से आयोजित एयू जयपुर मैराथन के 17वें संस्करण की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जवाहर कला केंद्र स्थित शिल्पग्राम में दो दिवसीय जीसीएल ड्रीम्स बिब लॉन्च एक्सपो का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, जीसीएल ड्रीम्स के मैनेजिंग डायरेक्टर रवि



सिंघल, आवास फाइनेंस के प्रेसिडेंट आशुतोष अत्रे, जयपुर ग्रेटर नगर निगम के निवर्तमान उपमहापौर पुनीत कर्णावट, संस्था के पैट्रन एच.सी. गणेशिया, जयपुर मैराथन के रेस डायरेक्टर रवि गोयनका, जयपुर रनर्स के एक्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट दीपक शर्मा, मिस राजस्थान के डायरेक्टर योगेश मिश्रा तथा एयू जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद आरपीएफ बैंड की देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति ने माहौल को राष्ट्रभाव से भर दिया। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि एयू जयपुर मैराथन केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि फिट भारत और जागरूक समाज का अभियान है। जब युवा दौड़ेंगे, तभी देश प्रगति करेगा। एयू जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि मैराथन का आधिकारिक रूट घोषित कर दिया गया है, जिसे धावकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने शहर वासियों से अपील की कि 1 फरवरी को सुबह 3 बजे से 9:30 बजे तक जेएलएन मार्ग बंद रहने के कारण वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय धावकों का स्वागत करें। उद्घाटन के साथ ही प्रतिभागियों के लिए किट एवं बिब वितरण शुरू कर दिया गया। एक्सपो के दौरान अल्ट्रा रनर और माउंट एवरेस्ट विजेता ब्रीज शर्मा के साथ बियोंड लिमिट्स: एंड्यूरेंस, माइंडसेट एंड अल्ट्रा रनिंग इंस्पिरेशन विषय पर विशेष संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। इसके बाद जयपुर लीजेंड अवॉर्ड्स समारोह में रनिंग और फिटनेस क्षेत्र से जुड़े प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि 1 फरवरी को होने वाली एयू जयपुर मैराथन को इस बार खास बनाने के लिए फिटनेस आइकन मिलिंद सोमन धावकों के साथ दौड़ते नजर आएंगे, जबकि बॉलीवुड अभिनेत्री इशिता राज भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। मैराथन को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा फ्लैग ऑफ करेंगे और उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। रेस डे पर दो ऐतिहासिक विश्व रिकॉर्ड प्रयास भी किए जाएंगे। विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के 200 विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक वंदे मातरम् का गान तथा मां-द सेंटर ऑफ बैलेंस विषय पर एक ही स्थान पर विश्व का सबसे बड़ा विज्ञान प्रयोग आयोजन का आकर्षण रहेगा।

मैराथन का रूट ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल के साउथ गेट से शुरू होगा। फुल मैराथन 42.195 किमी सुबह 3 बजे, हाफ मैराथन 5 बजे, 10 किमी रन 6.45 बजे, 5 किमी रन 7.10 बजे और ड्रीम रन 7.15 बजे फ्लैग ऑफ होगी।

रूट पर 34 वाटर व एनर्जी स्टेशन, 12 मेडिकल स्टेशन, 15 चीयरिंग जोन और मोबाइल टॉयलेट्स की व्यवस्था रहेगी।

## जयपुर बर्ड फेस्टिवल आज से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जब धरती की आर्द्रभूमियों पर परिंदों की चहचहाहट लौटाने और आसमान को फिर से पंखों से भरने का संकल्प लिया जाता है, तब ऐसे आयोजनों की जरूरत और भी बढ़ जाती है। इसी भावना को साकार करने के उद्देश्य से जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2026 का आयोजन शनिवार से कानोता कैंप रिजार्ट जामड़ोली जयपुर में किया जाएगा। दो दिवसीय यह राज्य स्तरीय आयोजन 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को ग्रीन पीपल सोसायटी जयपुर चैप्टर द्वारा राजस्थान सरकार के वन विभाग एवं डब्ल्यूडब्ल्यू, फइंडिया के सहयोग से आयोजित होगा। आयोजन स्थल कानोता कैंप रिजॉर्ट, जामडोली, जयपुर रहेगा। ग्रीन पीपल सोसायटी के उपाध्यक्ष एवं जयपुर बर्ड फेस्टिवल के संयोजक विक्रम सिंह सेवानिवृत्त आईएएस ने बताया कि यह आयोजन पिछले 12 वर्षों में राष्ट्रीय पहचान बना चुके उदयपुर बर्ड फेस्टिवल की सफलता से प्रेरित है। जयपुर में होने वाला यह फेस्टिवल प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक और सशक्त कदम सिद्ध होगा। फेस्टिवल का पहला दिन शनिवार को शिक्षा, रचनात्मकता और पर्यावरण जागरूकता को समर्पित रहेगा। इस दिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जयपुर बर्ड फेस्टिवल का मुख्य सत्र आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए नेचर क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिताएं होंगी, जिनका उद्देश्य बच्चों के मन में प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। इसके साथ ही रैप्टर्स प्रदर्शनी, अत्याधुनिक वीआर एक्सपीरियंस, बर्ड फोटोग्राफी एवं पेंटिंग प्रदर्शनी तथा फिलैटली डाक टिकट प्रदर्शनी आयोजित की जाएंगी, जो दर्शकों को पक्षियों और उनके आवासों की दुनिया से भावनात्मक रूप से जोड़ेंगी। प्रशिक्षकों और लेखकों के लिए विशेष कार्यशालाएं भी होंगी। जिनसे पर्यावरण संवाद और संरक्षण लेखन को प्रोत्साहन मिलेगा। विक्रम सिंह ने बताया कि फेस्टिवल के अंतर्गत लगभग 30 रिसोर्स पर्सन्स के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी, ताकि वे अपने.अपने संस्थानों में विद्यार्थियों को पक्षियों और प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक कर सकें। वहीं, 15 उभरते लेखकों के लिए आयोजित लेखन कार्यशाला में अनुभवी विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे। इसी दिन राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें वन, पर्यावरण एवं पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, डब्ल्यूडब्ल्यू, फइंडिया, चयनित एनजीओ, शिक्षाविद् और विशेषज्ञ भाग लेंगे। लगभग 100 प्रतिभागियों की सहभागिता के साथ संरक्षण से जुड़े विषयों पर गंभीर मंथन किया जाएगा। जयपुर बर्ड फेस्टिवल में भाग लेने के लिए देश-प्रदेश के प्रख्यात पक्षी विशेषज्ञ, वन्यजीव फोटोग्राफर और पर्यावरण संस्थाओं के प्रतिनिधि जयपुर पहुंचेंगे। इनमें बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के पूर्व निदेशक एवं वरिष्ठ पक्षीविद असद रहमानी, डब्ल्यूडब्ल्यू, फ इंडिया के सीईओ रवि सिंह, पद्मश्री से सम्मानित फोटोग्राफर अनूप शाह, आउल एक्सपर्ट डॉ. प्राची मेहता, रैप्टर एक्सपर्ट रातुल साहा सहित अनेक बर्ड वॉचर्स, पक्षीप्रेमी और पर्यावरणप्रेमी शामिल होंगे।

## शहीद दिवस पर प्रार्थना सभा आयोजित



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के आदेशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। सी. ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस अवसर पर एस. एस. मोदी विद्यालय के संगीत शिक्षक आत्माराम जांगिड़ एवं विद्यार्थियों ने गांधी जी के प्रिय भजन हे राम, वैष्णव जन तो तेने कहिए, रघुपति राघव राजा राम सहित अनेक निर्गुण भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी कौशल्या बिश्नोई, उपभोक्ता प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज मील एजिला रोजगार अधिकारी दयानंद यादव, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा, नगर परिषद कमिश्नर देवीलाल बोचल्या, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मील, नवनियुक्त तहसीलदार राकेश पूनिया एवं कमलेश चेजारा, सहायक निदेशक शिक्षा अशोक जांगिड़, झुंझुनू स्काउट सचिव बंसीलाल, सहायक लीडर ट्रेनर रामदेव सिंह गढ़वाल, विजय गर्वा, सुनील कुमार, दिनेश कुमार, नगर परिषद से रामकरण यादव, कर्मवीर खीचड़ सहित सैकड़ो की संख्या में जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी बार एसोसिएशन के सदस्य, वकील एवं जन सामान्य तथा स्काउट गाइड्स रोवर्स रेंजर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई




निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिला अध्यक्ष मनोजकुमार मेघवाल विधायक सुजानगढ़ के निर्देशानुसार सत्य अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर गांधीजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चन्द इन्दौरिया, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अरविंद चाकलाण, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष भवरलाल जसैल, नगर अध्यक्ष अलियास खान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष फकीर चन्द दानोदिया, के डी पठान, राजेश गहलोत, जगदीश सोनी, तेजाराम मेव, धीरज जागिड मुख्तियार खान दिनेश प्रजापत संजय पुरोहित अविनाश ठाकुर आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी।

## भैरुजी मंदिर के वार्षिक महोत्सव के तहत निकाली ध्वज यात्रा



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में तोलियासर भेरुजी मंदिर का 41वे वार्षिक महोत्सव के तहत पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन के अंतर्गत शुक्रवार को विशाल ध्वज यात्रा भेरूजी मंदिर से रवाना हुई जो कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुई वापस तोलियासर भेरूजी मंदिर पहुंची। ध्वज यात्रा में ऊंट, घोड़े संजीव झांकिया मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। गाजे बाजे के साथ निकली ध्वज यात्रा में भक्त बाबा के जयकारे के साथ नाचते हुए बाबा के दरबार में पहुंचे। जहां बाबा की विशेष पूजा अर्चना के बाद 151 किलो रोटे का भोग लगाया गया तथा भक्तों को वितरण किया गया। मंदिर को भव्य फुलों से सजाया गया तथा बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर पुजारी घनश्याम पांडे ने बताया कि आज सुबह 8:15 बजे हवन ज्योत तथा 11 बजे से महाप्रसाद भक्तों को वितरित किया जाएगा। रात्रि में जागरण का आयोजन हुआ जिसमें पिलानी की भजन गायिका नेहा महेश्वरी व गायक नवीन आचार्य के द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गयी। श्रोता देर रात्रि तक टिके रहे। इस मौके पर राजकुमार विनायक, कमल दुगड़, राजकुमार बरडिय, विमल छंलाणी, खेमचंद बरडिया, लालचंद पाण्डे, पंकज पाण्डे, जयप्रकाश पाण्डे सहित अनेक भैरव भक्त मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

## मंगल महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के मंगल भवन के प्रांगण में खाण्डल विप्र समाज के तद्वावावधान में संरक्षक सत्यनारायण सेवदा, रघुनाथ प्रसाद जोशी तथा संस्था अध्यक्ष बद्रीप्रसाद बासिया के सानिध्य में श्री मंगल महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलदत्त महाराज की पादुका का पूजन पंडित प्रवीण माठोलिया के आचार्यत्व में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मघराज शर्मा, सेवा निवृत्त एजीएम-एस बीबीजे, समाज सेवी श्याम सुन्दर जोशी, समाजसेवी, डॉ. पंकज काछवाल वरिष्ठ चिकित्सक तथा समाज सेवी महेश कुमार दुगोलिया मंचस्थ अतिथियों का साफा बांध कर, दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। संस्था के मंत्री पवन कुमार माटोलिया द्वारा शाब्दिक स्वागत किया तथा अध्यक्ष बडीप्रसाद बणसिया द्वारा संस्था की गतिविधीयों व आय




व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, स्नातक, स्नातकोतर, विशिष्ट शिक्षा, खेल कूद तथा सरकारी सेवा में सफल छात्र एवं छात्राओं का सम्मान किया गया इसी के साथ 28 जनवरी एवं महिला मण्डल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मेहंदी, चम्मच दौड, युवा मण्डल नृत्य तथा संगीत नृत्य प्रतियोगिताओ के विजेताओं को भी पुरस्कृत करने के साथ समाज के 2 वरिष्ठ नागरिको का सम्मान भी किया गया।

इसी क्रम में विशिष्ट समाज सेवा का सम्मान मनीष रिणवां को प्रदान किया गया। आयोजित कार्यक्रम को सत्यनारायण सेवदा, डॉ. पंकज काहवाल, मधराज नोहाल, प्रेम कुमार रुथला व युवान बील ने सम्बोधित करते हुए मंगलदत्त महाराज के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए समाज के कार्यो में तेजी से विकास करने पर बल दिया। कार्यक्रम में पवन कुमार माटोलिया, बनवारीलाल बील, सांवरमल माटोलिया, मनोज जोशी, कृष्णा माटोलिया, मनीष रिणवा, अमित मंगलहारा, ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

नन्दकुमार माठोलिया ने आगन्सतुको का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंचिय संचालन ओमप्रकाश मंगलहारा ने किया। इस अवसर पर सत्यनारायण पुरोहित, अशोक कुमार जोशी, पवन चोटिया, मधुसूदन माटोलिया, विजय कुमार चोटिया, मुरलीधर मंडगीरा, मुकेश रिणवा, युवा मंडल अध्यक्ष दिपक डिडवानिया, श्रवण काछवाल, अनील चोटिया, पवन मंगलहारा, हीरालाल नोहाल, सुरेन्द्र नोहाल, श्याम सुन्दर जोशी, उपेंद्र कुमार चोटिया, कैलाश नोहाल, चांदरतन रिणवा, धीरज नोहाल, नथमल जोशी, अमित जोशी, हरीशंकर मंगलहारा, रामनिवास मंगलहारा, रमाकांत रूथला, सन्तोष माटोलिया, प्रदीप रिणवां, श्रवण रूंथला, शिवशंकर सेवदा, रामचंद्र नोहाल, निर्मल भुढाढरा, राजीव मंगलहारा, कमल बोचीवाल सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

## अस्थायी कार्मिकों का प्रधानमंत्री बीमा योजना के तहत कराया दुर्घटना बीमा

मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के निर्देशन तथा आयुक्त नगर परिषद शशिकांत शर्मा के मार्गदर्शन में नगर परिषद सीकर ने अपने अधीन कार्यरत अस्थायी कार्मिकों के सामाजिक-आर्थिक संरक्षण की दिशा में एक संवेदनशील पहल की है। नगर परिषद परिसर स्थित शहरी आजीविका केंद्र में इन कार्मिकों के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत विशेष दुर्घटना बीमा पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर



के माध्यम से नगर परिषद के अधीन कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर, सफाईकर्मी, बागवान एवं श्रमिक वर्ग सहित सभी अस्थायी कार्मिकों का बीमा सफलतापूर्वक संपादित किया गया। यह कदम उनकी भविष्यगत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है क्योंकि ये कर्मचारी अक्सर जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करते हैं और किसी भी आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में उनके परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। नगर परिषद प्रशासन ने इस पहल को कर्मचारी कल्याण और संवेदनशील प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है तथा भविष्य में भी ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया है। शिविर में शहरी आजीविका केंद्र प्रभारी जगदीश सिंह जाखड़, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी व कर्मचारी तथा नगर परिषद के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला प्रशासन की ओर से मनाया गया शहीद दिवस



मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर के लॉन में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड़, सीकर एसडीएम निखिल कुमार, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग प्रियंका पारीक, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल, जिला साक्षरता अधिकारी चन्द्रप्रकाश महर्षि सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कार्मिकों ने दो मिनट का मौन धारण कर गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी। इस दौरान स्काउट गाइड के सदस्यों द्वारा रामधुनी भजनों का गायन किया गया। शहीद दिवस के उपलक्ष में सभी राजकीय कार्यालयों में दो मिनट का मौन धारण कर महात्मा गांधी को श्रद्धाजंली का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि महात्मा गांधीजी के जो आदर्श और मूल्य हैं उनको हमें अपने व्यावहारिक जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज के इस भौतिकवाद के युग में गांधीजी का चिंतन बहुत ही प्रासंगिक और सार्थक है और विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भी गांधीजी का जो चिंतन है, वह आज भी हमारे लिए बहुत ही व्यावहारिक और उपयोगी है। इस अवसर पर उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी अधिकारी डॉ अनिल शर्मा, डीटीओ ताराचंद बंजारा, सीडीईओ सुरेन्द्र सिंह शेखावत, खेल अधिकारी प्रकाश गोदारा, सीपीओ अंजली सैनी, बाल अधिकारिता सहायक निदेशक गार्गी शर्मा, राजस्व अधिकारी नगर परिषद महेश योगी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत सुभाष चंद्र देवन्दा, उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग सीकर राजेन्द्र कुमार चौधरी, सीओ स्काउट बसंत लाटा, सहायक लेखाधिकारी सावित्री यादव, महेन्द्र पारीक, समन्वयक राकेश कुमार लाटा, साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार महावीर पुरोहित सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कार्मिक उपस्थित रहें।

## स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान : माईकिंग ई-रिक्शा को किया रवाना

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जिले में शुक्रवार को स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान का शुभारंभ हुआ। सेठी कॉलोनी स्थित मिनी स्वास्थ्य भवन परिसर से आमजन को जागरूक करने के लिए माईकिंग ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया गया। माईकिंग ई-रिक्शा शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर आमजन को अभियान के प्रति जागरूक करेंगे। उप निदेशक जयपुर जोन डॉ. अशोक घुनावत, उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य जयपुर प्रथम डॉ. इंद्रा गुप्ता और उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य जयपुर द्वितीय डॉ. सुरेंद्र कुमार गोयल ने माईकिंग ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर डीपीओ, जयपुर प्रथम अखिलेश शर्मा, डीपीओ, जयपुर प्रथम



डॉ. रतन सिंह, डीपीओ जयपुर द्वितीय डॉ. योगेश पूनिया, डीपीसी डॉ. नरेंद्र सिंह, लक्ष्मीकांत, डीपीसी जयपुर प्रथम सीताराम जाट, आईडीएसपी प्रथम सीताराम जाट, जिला आईईसी समन्वयक कपिल प्रथम, श्री अनिल शर्मा जिला आईईसी समन्वयक, जयपुर द्वितीय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। यह अभियान को 13 फरवरी तक जिला, ब्लॉक एवं अभियान के अंतर्गत स्लोगन लेखन, माइकिंग, पम्फलेट्स वितरण, प्रचार वाहन, फ्लैक्स बैनर प्रदर्शन आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

विभिन्न माध्यमों द्वारा आमजन को इस रोग के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

निसं

**खण्डेला ( नवयत्न )।** यूजीसी द्वारा जारी नए नियमों के विरोध में खण्डेला में सर्व समाज के लोगों ने आक्रोश जताया। इस दौरान बिहारीजी मंदिर से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर उपखण्ड अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। विरोध करने वालों ने यूजीसी के नए नियमों को भेदभावपूर्ण बताते हुए इन्हें तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की




मांग की। सर्व समाज के लोगों का कहना है कि नए नियमों में किए गए बदलाव कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देंगे, जिससे सामाजिक समरसता और समान अवसर की भावना को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। लोगों ने आरोप लगाया कि ये नियम शिक्षा व्यवस्था में असमानता पैदा करेंगे और पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों के साथ अन्याय होगा।

लोगों ने सरकार से मांग की कि सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए नियमों में संशोधन किया जाए। इस दौरान सुरेंद्र जैन, ललित प्रसाद शर्मा, बद्री प्रसाद, राजेन्द्र तिवाड़ी, शिवदयाल तिवारी, मुकेश डोलिया, प्रदीप तिवारी, राकेश कौशिक, नारायण अग्रवाल, सुधीर पारीक, पवन शर्मा, मनोज पंचोली, राम अवतार शर्मा, विजय दीवान, महावीर पंसारी, अरविंद अग्रवाल, अजय खंडेलवाल, रामानंद, पंकज शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण कार्य फिर शुरू करने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** कॉमरेड जगदीश नाथ ने एक ज्ञापन नगरपरिषद आयुक्त को सौंपकर वार्ड न. 5 में बंद पड़ी सीसी सड़क का कार्य फिर से शुरू करवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि दो घरों के विरोध के कारण वार्ड न. 5 में सीसी सड़क का निर्माण कार्य रोक दिया गया था। इसलिए इस सड़क को या तो वहीं पर बनाया जावे या फिर दूसरी जगह राधेश्याम माली के घर से लेकर नोरतन माली के घर तक बनाया जावे। वार्डवासियों के हितों के मध्यनजर तुंरत प्रभाव से सड़क निर्माण कार्य फिर से शुरू करवाने की मांग कॉमरेड जगदीश नाथ ने की है।

# भाजपा के महल को नेस्तनाबूद करने का केंद्र बनेगा जयपुर : शर्मा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के तहत बचे हुए पांच में से चार जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा करते हुए सुनील शर्मा को जयपुर शहर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। शर्मा पिछले लोकसभा चुनाव में जयपुर से कांग्रेस के उम्मीदवार थे, लेकिन उन्होंने टिकट लौटा दिया था। वहीं नवनियुक्त जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा है कि भाजपा की धर्म आधारित राजनीति को जवाब देने के लिए जयपुर शहर राजनीतिक भूकंप का केंद्र बनेगा और भाजपा के महल को नेस्तनाबूद करने के लिए यह भूकंप का केंद्र जयपुर से ही रहेगा। उन्होंने कहा कि यहीं से भाजपा के सत्ता के महल को गिराने की शुरुआत होगी। सुनील शर्मा ने कहा कि राजस्थान की करीब 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है और इस युवा वर्ग को यह समझाने की जरूरत है कि राष्ट्रवाद दो तरह का होता है, एक जोड़ने वाला और दूसरा तोड़ने वाला। कांग्रेस का राष्ट्रवाद गांधीए नेहरू और राहुल गांधी का राष्ट्रवाद है, जो 140 करोड़ लोगों को जोड़ने की बात करता है, जबकि भाजपा समाज को बांटने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा भाजपा सरकार लोकतंत्र की बुनियाद पर हमला कर रही है। मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ियों, सरकारी कर्मचारियों पर दबाव और चुनावी प्रक्रिया से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र को हाईजैक करने की कोशिश है। जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य सरकार को डबल इंजन नहीं बल्कि पर्ची सरकार बताते हुए कहा कि राजस्थान में फैसले दिल्ली से थोपे जा रहे हैं। मंत्री और विधायक हाशिये पर हैं और प्रशासनिक अधिकारी ही सरकार चला रहे हैं। जिससे राज्य की स्थिति केंद्र शासित प्रदेश जैसी बन गई है। सुनील शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों के हित में काम कर रही है, जबकि गरीब की थाली, रोजगार और महंगाई जैसे बुनियादी मुद्दों पर पूरी तरह विफल रही है। जब जनता इन सवालों को उठाती है तो उसे धर्म के नाम पर उलझा दिया जाता है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले नगर निगम और निकाय चुनावों से सत्ता परिवर्तन की शुरुआत होगी। जयपुर से उठी यह लहर पूरे राजस्थान में फैलेगी और इसी के दम पर कांग्रेस राज्य में एक बार फिर सत्ता में लौटेगी।

# ग्रामीण गर्ल्स अकादमी का वार्षिकोत्सव गूंज संपन्न

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित ग्रामीण गर्ल्स अकादमी का वार्षिकोत्सव गूंज संस्थान के भव्य सिल्वर जुबली हॉल में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग नगर थानाधिकारी राजेश ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा सीकर किरण सैनी, सीबीईओ पिपराली दुर्गा एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ वीना चौधरी उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात संस्थान अध्यक्ष झाबर मल ने अतिथियों का स्वागत किया एवं प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह ने वर्षभर की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में अध्यक्षता कर रहे राजेश ने वर्तमान समय में शिक्षा को सर्वोपरी बताते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन एवं परिश्रम का संदेश दिया। मुख्य अतिथि किरण सैनी ने नारी सशक्तिकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। सीबीईओ दुर्गा ने एक उन्मुक्त गगन के पंछी कविता के माध्यम से छात्राओं को स्वतंत्र विचार और ऊँची उड़ान भरने की प्रेरणा दी। वहीं डॉ वीना चौधरी ने स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क की थीम पर बच्चों को पढ़ाई के साथ नियमित व्यायाम और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। देशभक्ति नाटक ऑपरेशन सिंदूर, सामूहिक नृत्य ओम शांति ओम तथा प्रस्तुति स्कूल नहीं जाना ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर अकादमी एवं विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 500 प्रतिभावान विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा नकद पुरस्कार एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर चाचा पूर्णमल, बालू सिंह रुहेला, प्रो शिवनाथ सिंह, झाबर सिंह धायल आरटीओ, संस्थान के कार्यकारिणी सदस्य, पदाधिकारी, संकाय सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 7 की छात्राओं शर्मा कीर्ति, विहाना एवं पूजा ने किया।

# ग्राम-2026 के तहत आज शिविर यहां आयोजित होंगे

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )** । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की ग्राम-2026 पहल के अंतर्गत जिले के प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर स्थित अटल सेवा केन्द्र अथवा ग्राम पंचायत भवन में एक दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों, किसानों एवं पशुपालकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही स्वीकृतियां प्रदान करना है। जिला कलेक्टर शर्मा ने बताया कि 31 जनवरी को फतेहपुर तहसील के बिरानियां, लक्ष्मणगढ़ तहसील के रहनावा, सीकर तहसील के पिपराली, धोद तहसील के सिहोट छोटी, शाहपुरा, दांतारामगढ़ तहसील के दांता, लोसल क्षेत्र के पलसाना, खण्डेला तहसील के खण्डेला, श्रीमाधोपुर तहसील के मुण्डरू तथा नीमकाथाना तहसील के टोडा एवं हसामपुर में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविरों के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा आवेदन तैयार कर पात्र लाभार्थियों को त्वरित लाभ प्रदान किया जाएगा।

# शहीद दिवस मनाया

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )** । राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, सीकर में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्त्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य (प्रो.) डॉ सुनीता पाण्डेय द्वारा महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके उपरांत उपस्थित समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान रघुपति राघव राजा राम की धुन का वादन कर महात्मा गांधी के आदर्शों को स्मरण किया गया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ कमल कंवर राठौड़, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी मधुसूदन जांगिड़, माधुरी कुमावत सहित महाविद्यालय के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्पर्श कुष्ठ जन जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )** । चिकित्सा विभाग के स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आगाज शुक्रवार से हुआ। जिला मुख्यालय पर कार्यवाहक सीएमएचओ एवं डिप्टी सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने स्वास्थ्य भवन में जन जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि 13 फरवरी तक चलने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के तहत जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक कुष्ठ रोग निवारण के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी। जिसमें कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी, भ्रांतिया, नए मरीजों की खोज कर उन्हें इलाज की सुविधा प्रदान करना है। कुष्ठ रोग छूने से नहीं फैलता है। कुष्ठ रोग एक जीवाणु संक्रमण है, जो नसों, मांसपेशियों, आँखों, त्वचा और श्वसन तंत्र को नुकसान पहुँचा सकता है। इससे त्वचा पर लाल या रंगहीन धब्बे, संवेदना में कमी और स्थायी विकलांगता हो सकती है। कुष्ठ रोग को हैन्सन रोग भी कहा जाता है। अभियान के तहत आशा सहयोगिनियों के द्वारा क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे किया जाएगा और कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों को चिन्हित कर उनका इलाज सुनिश्चित किया जाएगा।

## कुष्ठ रोग की पहचान आसान है

डिप्टी सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि शरीर की चमड़ी के रंग से फीका हल्का लाल सा बदरंग दाग-धब्बा, जिसमें सुन्नपन हो अर्थात न दर्द, न जलन, न खुजली, न चुभन, न ठण्डा लगे, न गरम, चमड़ी पर तैलिया-तामियां चमक हो, चमड़ी पर खासकर चेहरे पर भौहे के ऊपर, ठोडी पर, कानों के पीछे सूजन-मोटापन, गॉठे हो, तंत्रिकाओं में मोटापन-सूजन हो, टटोलने पर दर्द हो, हाथ पैरों में झुनझुनी, सुन्नपन, सूखापन आदि कुष्ठ रोग के लक्षण है। कुष्ठ रोग धीरे-धीरे विकसित होता है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का उपचार संभव है। एंटीबायोटिक दवाओं से इस रोग का इलाज किया जा सकता है। बहु औषधी चिकित्सा से कुष्ठ रोगी ठीक होता है। कुष्ठ रोग की दवा एमडीटी राजकीय चिकित्सा संस्थानों में निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही इसके प्रति जागरुकता ही इससे सीधा बचाव है। इससे प्रभावित व्यक्ति को हर धब्बे की जॉच करवानी चाहिए। कुष्ठ रोग के प्रारम्भिक अवस्था में पहचान कर पूरा इलाज लेने से विकृतियॉ नहीं आती। कुष्ठ सबसे कम संक्रामक रोग है यानि सामान्य जुकाम से भी कम, इलाज शुरु करने के एक-दो दिनों के भीतर ही रोगी गैर-संक्रामक हो जाता है।

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष कुष्ठ दिवस की भेदभाव का अंत एवं गरिमा सुनिश्चित करना थीम पर 13 फरवरी तक विभिन्न जागरूकता गतिविधियां की जाएगी। कुष्ठ रोग से जुडे कलंक को मिटाना और रोग से प्रभावित लोगों की गरिमा को बढ़ावा देना है।

इस मौके पर जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह, एडीशनल सीएमएचओ डॉ हर्षल चौधरी सहित स्वास्थ्य भवन में कार्यरत सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# रील महोत्सव अवार्ड सेरेमनी का खजाना महल में हुआ सफल आयोजन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर के खजाना महल में एक अनोखी पहल रील महोत्सव 2025-26 की अवार्ड सेरेमनी का सफल और भव्य तरीके से आयोजन किया गया। इस खास कार्यक्रम में भारत के अलग-अलग राज्यों से आए 175 से डिजिटल क्रिएटर्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देना और रील्स के जरिए संस्कृति व पर्यटन को बढ़ावा देना था। खजाना महल के संस्थापक निदेशक अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि रील महोत्सव का आयोजन श्रील तो बनती है, थीम पर किया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों को 20 दिसंबर से 5 जनवरी तक खजाना महल के परिसर में रील बनाने की अनुमति दी गई। रील महोत्सव सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जो नए डिजिटल क्रिएटर्स को आगे बढ़ने का अवसर देता है और साथ ही राजस्थान की संस्कृति को देश-दुनिया तक पहुंचाता है।

रील महोत्सव की क्रिएटर लीना श्रीवास्तव ने बताया कि अवार्ड सेरेमनी के मुख्य अतिथि जयपुर के प्रसिद्ध फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर, राज बंसल और मकबूल में अपने अभिनय के लिए मशहूर अभिनेता शाजी चौधरी रहे। प्रतियोगिता की जूरी में कपिल शर्मा शो और किस किसको प्यार करूं के लेखक और निर्देशक, अनुकल्प गोस्वामी, स्त्री फेम अभिनेता अतुल श्रीवास्तव, आर्या फेम अभिनेता विश्वजीत प्रधान और मिर्जापुर, मकबूल फेम अभिनेता शाजी चौधरी शामिल थे। जिन्होंने रील्स की गुणवत्ता, प्रस्तुति और लोकप्रियता के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में 7 क्रिएटर्स को अलग-अलग कैटगरी में सम्मानित किया गया जिसमें बेस्ट रील का पहला पुरस्कार हिमांशु नथावत को, जिन्होंने थाईलैंड की ट्रिप जीती। विकास मगध और अजीम खान को नकद पुरस्कार मिला जो बेस्ट रील श्रेणी में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

# मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल की प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को डीओआईटी वीसी सभागार में जिला मुख्यालय पर संचालित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल की प्रबंधन समिति की बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए टाउन हॉल का अधिक प्रभावी ढ़ंग से उपयोग हो। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी व सदस्य अपनी भागीदारी निभाएं और टाउन हॉल में बेहतरीन प्रबंधन व जनोपयोगी व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों। इस दौरान टाउन हॉल के मुख्य ट्रस्टी राजीव गोयनका ने भी टाउन हॉल के प्रबंधन, सदस्यों के मनोनयन, सहयोग के संबंध में विचार रखे। बैठक में टाउन हॉल के सुव्यवस्थित संचालन, साफसफाई, रख-रखाव एवं व्यवस्थाओं से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी के साथ बैठक में समिति सदस्यों द्वारा प्रस्तुत सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, चूरू एसडीएम सुनील कुमार, सानिवि एसई पंकज यादव, सीपीओ भागचंद खारिया, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, पीएचईडी एसई चुन्नीलाल भास्कर, नंदकिशोर मोजासिया, नारायण बेनीवाल, एक्सईएन ऋतिक, हिमांशु सहित अन्य मौजूद रहे।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के भव्य आयोजन की देशभर में प्रशंसा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय स्तर के खेल का आयोजन 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 रूप में किया गया। इसमें देश भर से 24 खेलों के 4448 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सात संभागो में आयोजित इन खेलों के सफल आयोजन की देशभर में प्रशंसा की गई। इस दौरान निर्विवाद खेल आयोजन, आवास, भोजन और आवागमन की सुविधा की सभी ने भरपूर प्रशंसा की। शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग राजस्थान सरकार और अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद डॉ. नीरज के पवन ने बताया कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के संयुक्त तत्वाधान में 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का भव्य आयोजन प्रदेश में किया गयाए जिसमें 07 शहर, 12 दिन. 222 यूनिवर्सिटीज, 23 पदक खेलों में 4448 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 11 नये रिकोर्ड बने 42 गोल्ड सहित 67 पदक जीत चंडीगड यूनिवर्सिटी टॉप पर रही। उन्होने बताया कि 5वें खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के दौरान इस्तेमाल किए गए सभी उपकरण नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के संबंधित कॉम्पिटिशन मैनेजर द्वारा अप्रूव्ड स्पेसिफिकेशन्स के अनुसार खरीदे गए थे। उपकरण स्टैंडर्ड के थे और ओलम्पिक चार्टर के द्वारा सुझा, गए ब्रांड ही थे। इवेंट्स से पहले कॉम्पिटिशन मैनेजर्स, टेक्निकल अधिकारियों और रेफरी द्वारा निरीक्षण किया गया और उनके सिग्नेचर रिकॉर्ड पर लिए गए थे। साथ ही जूरी के पास अपील के दौरान भी कोई तकनीकी प्रोटेस्ट सामने नहीं आया। डॉ. नीरज के पवन ने बताया कि पिछले पांच सालो में खिलाडियों की सबसे ज्यादा भागीदारी राजस्थान में रही।

यहां 24 खेलों में 4448 ने भाग लिया। कुछ इवेंटस में खिलाड़ियों की कम भागीदारी का कारण उनका कॉलेज बदलना और जॉब लगना मुख्य कारण रहा। गत वर्ष आसाम में 3658, वर्ष 2023 में उत्तरप्रदेश में 3613, वर्ष 2022 कर्नाटक में 3894 और वर्ष 2020 उडीसा में केआईयूजी खेलों में 3166 खिलाड़ियों ने भाग लिया।



# चौमू प्रकरण : पीसीसी की उच्च स्तरीय जांच समिति ने डोटासरा को सौंपी रिपोर्ट

**जयपुर ( नवयत्न )।** चौमू प्रकरण को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी पीसीसी द्वारा 4 जनवरी को गठित उच्चस्तरीय जांच समिति ने चौमूं क्षेत्र का दौरा कर घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा सुनी। समिति ने कलिंदर मस्जिद पहुंच कर मौके का मुआयना किया तथा स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों और सर्व समाज के प्रतिनिधियों से संवाद कर पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति को समझा। जांच के दौरान समिति ने स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से भी मुलाकात की और घटना से जुड़ी विस्तृत जानकारी एकत्र की। जांच पूरी होने के बाद समिति ने अपनी निष्पक्ष और तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार कर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को सौंप दी है। इस उच्चस्तरीय जांच दल में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष एवं राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एम. डी. चोपदार, फुलेरा विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विद्याधर चौधरी, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता धर्मेंद्र सिंह राठौड़, पीसीसी प्रवक्ता राजेंद्र आर्य शामिल थे। पार्टी ने भरोसा दिलाया है कि रिपोर्ट के आधार पर पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आगे ठोस और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी तथा इस मुद्दे पर कांग्रेस हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने गणतंत्र दिवस और बीटिंग रिट्रीट में शामिल सैन्यकर्मियों से की मुलाकात

नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गणतंत्र दिवस परेड तथा बीटिंग रिट्रीट समारोह 2026 में भाग लेने वाले तीनों सेनाओं के बैंड टुकड़ियों और तीनों सेनाओं के प्रोवोस्ट आउट्राइडर्स के कर्मियों से मुलाकात की।

**राष्ट्रपति भवन में हुई मुलाकात**-शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति ने भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के बैंड तथा प्रोवोस्ट आउट्राइडर्स के अधिकारियों और जवानों के साथ ग्रुप फोटोग्राफ भी खिंचवाया। गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोहों में इन टुकड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**परंपरा और गरिमा के संवाहक**-उल्लेखनीय है कि त्रि-सेवा बैंड और प्रोवोस्ट आउट्राइडर्स गणतंत्र दिवस और उसके समापन अवसर पर आयोजित बीटिंग रिट्रीट समारोह की औपचारिक और पारंपरिक गरिमा को बनाए रखने में अहम योगदान देते हैं। गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित इन समारोहों में सशस्त्र बलों की अनुशासनबद्ध प्रस्तुतियां और परंपरागत सैन्य परिधान विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

**गणतंत्र दिवस 2026 की झलक**-गौरतलब है कि इस वर्ष 26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में देश की मजबूत होती स्वदेशी सैन्य शक्ति, सांस्कृतिक विविधता और जन भागीदारी का अद्भुत संगम देखने को मिला। कर्तव्य पथ पर तीनों सेनाओं और पुलिस बलों द्वारा भव्य परेड का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया। इस अवसर पर यूरोपीय यूनियन के दो वरिष्ठ नेता एंटोनियो कोस्टा और उर्सुला वॉन डर लेयेन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे।

**'वंदे मातरम' के 150 वर्ष और सैन्य शक्ति का प्रदर्शन**-इस साल के गणतंत्र दिवस समारोह में 'वंदे मातरम' के 150 साल, देश की विकास यात्रा, स्वदेशी सैन्य उपकरणों, सशस्त्र बलों की ताकत, भारत की सांस्कृतिक विरासत और आम लोगों की भागीदारी को एक साथ प्रदर्शित किया गया। इसके उपरांत गुरुवार शाम को बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी का आयोजन हुआ।

**बीटिंग रिट्रीट से 77वें गणतंत्र दिवस का समापन**-बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी के साथ 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य समापन हुआ। राष्ट्रपति भवन के सामने विजय चौक भारतीय धुनों और देशभक्ति के संगीत से गूंज उठा। इस दौरान सैन्य बैंड द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' की शक्ति को दर्शाया गया, वहीं मार्चिंग के माध्यम से ड्यूटी पर तैनात भारतीय सेना के जवानों के अनुशासन और समर्पण को भी प्रस्तुत किया गया।

**देशभक्ति की धुनों से गूंजा विजय चौक**-विजय चौक पर आयोजित इस भव्य समारोह में भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायुसेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बैंडों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत धुनें प्रस्तुत कर माहौल को भावुक और गर्वपूर्ण बना दिया।

# शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया याद

**चूरू ( नवयत्न )।** शहीद दिवस पर शुक्रवार को जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एडीएम अर्पिता सोनी सहित अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन ने पुराने कलक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर सूत की माला पहनाकर व पुष्प अर्पित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं रामधुनी का आयोजन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया गया। इस मौके पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार हमारे आचरण, प्रशासन और सामाजिक जिम्मेदारियों के लिए मार्गदर्शक हैं। महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, सद्भाव और नैतिकता के माध्यम से विश्व को नई दिशा दी। आज के समय में उनके विचार सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए और भी प्रासंगिक हैं। उपस्थित सभी ने मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए के सत्य, अहिंसा और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस दौरान गायक राजेंद्र चौबे, लक्ष्मी शर्मा, नीना भारती, प्रभुदयाल सैनी ने ष्तू ही राम है, तू रहीम है, वैष्णव जन तो तेने कहिए सहित महात्मा गांधी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर सीडीईओ संतोष महर्षि, जिला युवा अधिकारी मधु यादव, तहसीलदार अशोक गोरा, डॉ. हेमंत मंगल, पीएचईडी एसई चुन्नीलाल, दुलाराम सहारण, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, नेमीचंद जांगिड़, विकास मील, नीरज जांगिड़, एसीबीईओ सूर्यकांत चोटिया, स्काउट सीओ महिपाल सिंह, अशोक, सूर्यकांत चोटिया, मनीष राठौड़ सहित अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी व कॉलेज के छात्रा-छात्राएं मौजूद रहे।

**नव मतदाताओं का किया सम्मानए मतदाता जागरूकता रैली को किया रवाना**-इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने माय भारत वॉलिटियर के द्वारा श्माय भारत, माय वोट थीम पर आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और नव मतदाताओं का सम्मान किया। उन्होंने उपस्थितों को सभी निर्वाचनों में आवश्यक रूप से मतदान कर लोकतंत्र को सुदृढ़ करने की शपथ दिलाई।

# राजस्थान में कोहरे के कारण टकराईं गाड़ियां, 3 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान शुक्रवार को भी घने कोहरे की चपेट में रहा। कोहरे के कारण भीलवाड़ा जिले में नेशनल हाईवे- 58 पर 5 से ज्यादा गाड़ियां टकरा गईं। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 6 से ज्यादा लोग घायल हो गए। एक्सीडेंट के कारण भीलवाड़ा-उदयपुर हाईवे पर जाम लग गया था। घायलों के लिए पहुंची एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई थी। मौसम विशेषज्ञों ने बताया- 31 जनवरी से एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जिसके असर से राजस्थान के पूर्वी हिस्सों (जयपुर, भरतपुर, बीकानेर और कोटा संभाग) के जिलों में बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। इस सिस्टम का असर 2 फरवरी तक रहेगा।

**हाईवे पर मची चीख-पुकार, कई घायल फंसे**-शुक्रवार सुबह भीलवाड़ा में कम विजिबिलिटी के कारण नेशनल हाईवे-58 पर हादसा हुआ। एक्सीडेंट में एक के बाद एक 6 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। गाड़ियों में फंसे 3 लोगों की मौत हो गई। गाड़ियों में फंसे घायलों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। कई घायल चीखते-चिल्लाते गाड़ियों से मदद मांगते नजर आए।



# प्रस्तावित ईएसएम रैली की तैयारियों का लिया जायजा

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर खेल स्टेडियम में 08 मार्च को प्रस्तावित ईएसएम रैली की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने रैली के सफल आयोजन के लिए मंच व्यवस्था, पेयजल, छाया, पार्किंग, सुरक्षा, यातायात एवं साफसफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रैली में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सानिविए पीएचईडीए खेल व सैन्य अधिकारियों सहित संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी तैयारियां समय से पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान सानिवि एसई पंकज यादव, कर्नल संदीप पानीग्राही, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, लेफ्टिनेंट कर्नल, रंजन सहित अन्य मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवतकथा का हुआ समापन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम टाडां स्थित विश्वकर्मा सेवा भवन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन शिशुपाल वध, सुदामा-कृष्ण मिलन एवं उद्धव चरित्र के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। कथा वाचक महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने प्रवचन में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं मानव जीवन को सत्यए प्रेम और करुणा का संदेश देती हैं। शिशुपाल वध के प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि अहंकार और अधर्म का अंत निश्चित है, जबकि सुदामा-कृष्ण मिलन सच्ची मित्रता, सरलता और निस्वार्थ प्रेम का प्रतीक है। वहीं उद्धव चरित्र के माध्यम से महाराज ने वैराग्य, भक्ति और ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सच्चा सुख भगवान की भक्ति और सेवा में ही निहित है। इससे पूर्व कथा यजमान गिरधारी जांगिड़, ओमप्रकाश जांगिड़, सुरेश जांगिड़, सुनील स्वामी, किसन जांगिड़ ने सपत्नीक व्यासपीठ की पूजा अर्चना कर कथा वाचक का स्वागत किया। इस अवसर पर भागीरथ स्वामी, रूपचंद मांडण, भंवरलाल जांगिड़, श्यामलाल जांगिड़, छगन सिंह राठौड़, किसनदास स्वामी, पृथ्वीसिंह, नोरंग जांगिड़, बजरंग जांगिड़, श्रवणदास, अजीतसिंह, शेराराम, चुन्नीलाल, ओंकार जांबिड़, रामचंद्र स्वामी, धनराज, युवराज सिंह, कन्हैयालाल आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने धरना देकर उठाई जनहित की आवाज



मुहम्मद सादिक

**फतेहपुर शेखावाटी ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत फतेहपुर में समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। कांग्रेसजनों ने केंद्र सरकार पर मनरेगा योजना को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए इसकी रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोर देकर कहा कि मनरेगा आम आदमी के रोजगार से जुड़ी एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसे किसी भी हाल में कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाना जरूरी है और यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक योजनाओं को नुकसान पहुंचाने वाले कदम वापस नहीं लिए जाते। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से मांग की कि वह ग्रामीण रोजगार की इस महत्वपूर्ण सुरक्षा जाल को सुदृढ़ करे और इसमें किसी भी प्रकार की कटौती या संशोधन से बचे, जिससे मजदूर वर्ग के हितों को ठेस पहुंचे। इस धरने के माध्यम से पार्टी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रमुख आधार इस योजना के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धता फिर से दोहराई है। कार्यक्रम में सभी साथियों द्वारा महात्मा गांधी के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## दर्शन को आए तीर्थयात्रियों की गाड़ी पलटी, 20-25 घायल, एक गंभीर



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अंचल के प्रसिद्ध हर्ष पहाड़ क्षेत्र में शुक्रवार को एक बार फिर सड़क दुर्घटना की वारदात हुई। शहर के प्रसिद्ध हर्ष पहाड़ पर शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें 20 से 25 लोग घायल हो गए। घायलों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है जबकि अन्य सभी खतरे से बाहर हैं। सभी घायल हरियाणा के फतेहाबाद के रहने वाले हैं, जो जीण माता के दर्शन के लिए आए थे। हादसे के बाद हर्ष गांव के ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को जल्द से जल्द एसके अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों के त्वरित प्रयासों से ही बड़ी त्रासदी टल गई। इस घटना ने एक बार फिर इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव को गंभीरता से उजागर किया है। स्थानीय निवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि हर्ष गांव में एक पीएचसी अस्पताल या मिनी ट्रॉमा सेंटर खोला जाए और वहां एम्बुलेंस स्थायी रूप से तैनात की जाएए ताकि भविष्य में ऐसी आपात स्थितियों से निपटा जा सके। प्रशासन द्वारा घटना की जांच की जा रही है और घायलों के उपचार का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 293 मरीज लाभान्वित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर रोड, सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नवलगढ़ शहर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नवलगढ़ शहर के क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, जनरल सर्जन, ईएनटी सर्जन, पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट तथा डेंटल सर्जन की बड़ी विशेषज्ञ टीम द्वारा 293 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र कड़वाल, पार्षद जावेद किसायती व एजाज अहमद, कुणाल कुलहरि, महेन्द्र ढ़ाका, राजपाल, विकास वर्मा सहित नवलगढ़ से अनेक गणमान्यजन शरीक हुए।

# बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट को शहर से दूर रखने की मांग

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय मोड़ा पहाड़ के निकट शहर के वार्ड नंबर 58 में प्रस्तावित बायो-मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर स्थानीय वार्डवासियों ने शुक्रवार को बड़ी संख्या में भाजपा नेता राजेश बाबल और कमल कांत शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को प्रार्थना पत्र सौंपकर इस प्लांट को आबादी क्षेत्र से दूर स्थानांतरित करने की बात रखी । इस अवसर पर बाबल और शर्मा ने कहा कि बायो-मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर नगर परिषद और इंस्ट्रोमेडिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बीच हुआ एमओयू नियमों और पर्यावरण के आधार पर उचित नहीं है। झुंझुनू शहर के आबादी क्षेत्र में खसरा नंबर 201 जो कि नगरपरिषद के ठोश कचरा प्रबंधन के नाम से दर्ज है उसको एक निजी कम्पनी को प्लांट बनाने के लिए दिया जा रहा है । यह प्लांट नियमानुसार आबादी क्षेत्र से दूर होना चाहिए जबकि ये भूमि वार्ड 58 के आबादी क्षेत्र व नेशनल हाईवे दोनों ही से मात्र 100 मीटर की दूरी पर ही स्थित है और इतनी ही दूरी पर क्रेशर जोन है जहाँ पर सैकड़ो मजदूर काम करते हैं। उन्होंने बताया कि बायो-मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से अनेक प्रकार के बैक्टीरिया फैलते हैं जिससे अनेक बीमारियों का प्रादुर्भाव होगा। इस क्षेत्र में बसे लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ होगा । उपस्थित क्षेत्रवासियों द्वारा उपखण्ड अधिकारी शारदा बिश्नोई को जिला कलेक्टर के नाम शिकायत पत्र सौप कर इस प्लांट को यहां से हटाकर शहर से दूर स्थापित करने की मांग रखी गई।

## शिकायत पेटिकाओं को खोला, पुलिस को गुप्त रूप से दे सकते है सूचना



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस के ऑपरेशन गरिमा अभियान के तहत महिला व बालिकाओं को भयमुक्त माहौल देने के उद्देश्य से इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ के तत्वावधान मे अजीतगढ कस्बे की स्कूल व कॉलेजो में शिकायत पेटिका लगाई गयी थी। नीमकाथाना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश मीणा के आदेशों की पालना एंव अजीतगढ़ पुलिस उपाधीक्षक प्रेम बहादुर निर्भय के सुपरविजन मे शुक्रवार को पुलिस थाना अजीतगढ़ के एएसआई बलवीर सिंह ने अजीतगढ कस्बे मे लगी शिकायत पेटिकाओं को खोलकर देखा गया।

कस्बे मे लगी कुल 9 शिकायत पेटिकाओं मे से दो पेटिकाओं मे शिकायतें मिली है। इधर अजीतगढ़ पुलिस उपाधीक्षक ने अजीतगढ़ थानाधिकारी को लिखित मे आदेशित किया है की नियमानुसार एक कमेटी सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी, महिला कांस्टेबल मय स्कूल प्रबंधक, सोसायटी सदस्य एंव थाने के एक अधिकारी की बनाकर उनकी उपस्थिति मे खोला जाकर आपराधिक तथ्य मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही करें तथा समस्त की रिपोर्ट वृताधिकारी कार्यालय मे भेजें।

# विदाई समारोह आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल श्रीमाधोपुर में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। को-ऑर्डिनेटर अक्षय सैनी ने बताया कि जूनियर विद्यार्थियों द्वारा बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी गई।

कार्यक्रम संयोजक मोइन खान ने बताया कि कार्यक्रम में निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्या किरण चौधरी, कॉलेज प्राचार्य डॉ. वी के सैनी ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व कार्यक्रम में मिस फेयरवेल लक्ष्मी चौधरी वाणिज्य संकाय एवं मिस्टर फेयरवेल रोहित कुमार विज्ञान संकाय को चुना गया। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में बच्चों ने अनेकों मनमोहक प्रस्तुतियां दी। लखविंदर सिंह ने बताया की कार्यक्रम में विदाई लेने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन सुनील कुमार मीणा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अमित माथुर, पवन सैनी, गोरीशंकर अग्रवाल, राकेश कुमार, पिंकी चौधरी, विशाल शर्मा, विकास भातरा, दीपक सैनी, राजेंद्र शेरावत, आदि उपस्थित रहे।

## कृषक उपहार योजना में भंवरदास को मिला प्रथम पुरस्कार

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय कृषि उपज मण्डी समिति में कृषक उपहार योजना, 2025 के अन्तर्गत 01 जुलाई, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक जारी सेल बिल के 5061 कूपन एवं ई-पेमेंट के 56 कूपनों पर लॉटरी द्वारा पुरस्कार निकाले गए। मंडी सचिव सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि लॉटरी द्वारा पुरस्कार सुजानगढ़ मण्डी समिति अध्यक्ष व एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, संबंधित मण्डी समिति सचिव सुरेन्द्र कुमार एवं कृषि उपज मण्डी समिति, चूरू संयुक्त निदेशक प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार गौड़ की तीन सदस्यीय समिति द्वारा निकाले गए। उन्होंने बताया कि गेटपास की विक्रय पर्चियों पर जारी कूपनों पर प्रथम पुरस्कार भंवरदास, द्वितीय पुरस्कार हरिराम, तृतीय पुरस्कार रमेश कुमार तथा ई-पेमेन्ट की विक्रय पर्चियों पर जारी कूपनों पर प्रथम पुरस्कार लक्ष्मीनारायण, द्वितीय पुरस्कार मनोज कुमार व तृतीय पुरस्कार लक्ष्मीनारायण के निकले। दोनों श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार में 25 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार में 15 हजार रुपए व तृतीय पुरस्कार में 10 हजार रुपए की राशि दी जाएगी।

इस दौरान महेन्द्र कुमार, सुचित्रा, पवन कुमार, गिरधारी लाल, मनीषा जोशी, संतोष गोयल, सुनील गोयल, निरंजन, मांगीलाल प्रजापत, पवन भरतिया, गौतम, रमेश, इंद्रचंद भरतिया, याकूब, अख्तर, अब्दुल, जुगलसिंह, किसनाराम सहित अन्य मौजूद रहे।

## हिन्दू सम्मेलन को लेकर कार्य योजना तैयार की

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** मुण्ड: स्थित पहाडी बाबा आश्रम में हिन्दू सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित हुई जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर कार्य योजना तैयार की गई। विजय जोशी ने जानकारी देते हुए बताया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 8 फरवरी को पहाडी बाबा आश्रम मुण्ड: में सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। बैठक में कलश यात्रा, सम्मान समारोह, और सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ करना तय किया गया। समिति ने विभिन्न गांवों में सम्पर्क के लिए नाम तय किये और विराट हिन्दू सम्मेलन पोस्टर का विमोचन किया गया ।बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगर पालिका ने बाटे कपड़े के थैले

निसं

मुकुंदगढ़ (नवयत्न)। कस्बे के मुख्य बाजार में नगर पालिका की ओर से कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। नगर पालिका ईओ रविंद्र धनखड़ के नेतृत्व में व्यापारियों व आमजन को कपड़े के थैलों का वितरण कर सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया गया। वहीं प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियों का उपयोग नहीं करने की समझाइश भी की गई। इस दौरान राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं संबंधित जानकारी की बुकलेट भी वितरीत की गई। इस मौके पर नगर पालिका स्टाफ के कुंदन कुमार, रवि कनोडिया, कार्यवाहक सफाई निरीक्षक विद्याधर सिंह आदि मौजूद रहे।

## आगाज स्पोर्ट्स कार्यक्रम का समापन



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** बचपन स्कूल लाडनूं में आयोजित स्पोर्ट्स कार्यक्रम आगाज का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ईमाम शेख मोहम्मद साबिर सल्फी, सीआई शिंभु दयाल, पीडब्ल्यूडी एईएन जयंत पारीक तथा डॉ. कानाराम उपस्थित रहे। समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने पूरे कार्यक्रम के दौरान खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का सराहनीय प्रदर्शन किया। इस अवसर पर थानाधिकारी शिंभु दयाल ने बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक विकास के साथ.साथ मानसिक मजबूती और अनुशासन भी सिखाते हैं। वहीं शेख मोहम्मद साबिर सल्फी ने अपने संबोधन में कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी निरंतर भाग लेना चाहिए, जिससे वे स्वस्थ और आत्मनिर्भर बन सकेंगे। विद्यालय प्रधानाचार्या हर्षिता जैन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान जर्नलिस्ट दीपक बोहरा, अबूबकर बल्खी, निदेशक दिनेश धेडू, अरविन्द नाहर आदि ने बच्चों की हौसला अफ्जाई की।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई । इस अवसर पर भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा के खिलाफ लाए गए काले कानून के विरोध में एक शांतिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जब्बार खोखर की अध्यक्षता में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थल में आयोजित हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अहिंसा, संविधान और सामाजिक न्याय के मूल्यों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करना गरीब, मजदूर और ग्रामीण जनता के अधिकारों पर सीधा हमला है। मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जब्बार खोखर ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा मजदूरों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से इस काले कानून का विरोध करती रहेगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने संविधान की रक्षा, मजदूरों के अधिकारों की मजबूती और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर मोहम्मद शरीफ छींपा, नबीवक्स निर्बान, भंवरलाल मेघवाल, संजय बारूपाल, गिरधारी लाल मेघवाल, रिजवान बगड़, अमजद निर्बान, दीपक जावा, अनवर गौरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे ।




**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रींगस जिला-सीकर (राजस्थान)**

क्रमांक : नपारी/ 2025-26/6063 दिनांक : 29.01.2026

**ई - निविदा सूचना/2025-26/35**

नगर पालिका रींगस द्वारा उपर्युक्त श्रेणी में पजींकृत ठेकेदारों/फर्मो से 01 कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा ई-प्रोक्यूरमेंट प्रकिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा ऑनलाईन दिनांक 29.01.2026 से 04.02.2026 तक प्राप्त की जावेगी। कार्य का विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती हैं एंव सभी कार्यो की ऑनलाईन निविदा http://eproc.rajasthan.gov.in पर प्राप्त की जावेगी।

NIB CODE - DLB2526B0912
UBN NO. DLB2526WSOB32401

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका रींगस

राज.संवाद/सी/25/18846



**Office of Executive Engineer Watershed Development and**
Soil Conservation, Block Dantaramgarh (Sikar)
No.:- 336-345 Date:- 22/1/2026
NOTICE INVITING BID
Tender No 06-08 Year 2025-26
Bids for Farm Pond in MJSA- 2.0 IInd Phase Project Area in Blocks- Dantaramgarh and Palsana in District Sikar Rajasthan are invited from interested bidders from Date 23.01.2026 Time 10:00 AM to Date 03.02.2026 Time 6:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and https://water.rajasthan.gov.in/wdsc
NIB No. WSC2526A1444
UBN No.- WSC2526WSOB02498, WSC2526WSOB02499, WSC2526WSOB02500
(Himanshu Dayal Singh)
Executive Engineer
DIPR/C/1575/2026 WDSC, Block Dantaramgarh


# वार्षिकोत्सव मनाया

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय शहीद कर्नल जे. पी. जानू पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अभिषेक चौधरी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अशोक शर्मा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, विशिष्ठ अतिथि राजेश मील जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, अशोक जांगिड सहायक निदेशक समसा, पूर्व प्रधानाचार्य मनीराम मंडीवाल, इंद्राज मीणा, महेश कालावत सीओ स्काउट बतोर अतिथि उपस्थित रहे। उप प्रधानाचार्य अंजू चौधरी ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्रों को शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन को उज्ज्वल बनाने और अपने सपनों को सच करने के लिए प्रेरित किया । विद्यालय के छात्रों को प्रेरित करने के लिए अशोक जी शर्मा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, झुंझुनू ने अपने वक्तव्य में छात्रों को शिक्षा के महत्व, समर्पण के बारे में बताया और उन्हें अपने सपनों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया। राजेश मील डीईओ माध्यमिक, झुंझुनू ने छात्रों को शिक्षा के माध्यम से जीवन मूल्यों को सीखने और अपने शिक्षकों का सम्मान करने के साथ साथ अपनी प्रतिभा को निखारने के लिये लिए कहा। मनीराम मंडिवाल ने छात्रों को मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। वार्षिकोत्सव एवं खेल-कूद दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक और खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर अभिषेक चौधरी ने विधालय प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सभी अतिथियों और छात्रों का धन्यवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों को प्रेरित करने का आश्वासन दिया। मंच संचालन अजीत चौधरी ने किया। इस दौरान उप प्रधानाचार्य अरुण चौमल, रमेश तेतरवाल, रवीश राहड़, उर्मिला बिजारणीया, विमल कंवर, किशोर, राजेश काजला, वीरेंद्र भांबू, ईशर बाबू, उर्मिला, बबीता, मुकेश, खुशबू, सुमन,अयाज अहमद, सुमन भामू, कृष्णा, राजकुमारी, इंदिरा, उमराव, सुशीला, राजकुमार, शीशराम, राहुल, एकता, पवन सहित समस्त स्टाफ, विधार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे।


**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**

( आदेश 5 नियम 1 और 5 )

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय
मलसीसर

राजेन्द्र कुमार चौरड़िया बनाम राजस्थान सरकार वगै.

दावा बाबत घोषणा, रिकॉर्ड दुरूस्ती, स्थाई निषेधाज्ञा

वाद संख्या
प्रेषित :-

1. रतन पुत्र दीपचन्द 2. गुलाबचन्द पुत्र दीपचन्द 3. बाजू पुत्र दीपचन्द 4 मदन पुत्र दीपचन्द 5 सोहनलाल पुत्र दीपचन्द समस्त जाति महाजन, निवासीगण टमकोर, तहसील मलसीसर, जिला झुन्झुनू (राज.) 6. हर आस व खास

वादी राजेन्द्र कुमार चौरड़िया ने आपके विरुद्ध दावा बाबत घोषणा, रिकॉर्ड दुरूस्ती, स्थाई निषेधाज्ञा वाद के लिए संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 4-2-2026 को दिन के 10:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीजर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उतर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतीक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा था मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में सादय के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपावद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 2296/22-12-2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी
मलसीसर

# मनरेगा बचाओ : शहीद दिवस पर कांग्रेस ने किया हल्ला बोल

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** महात्मा गांधी के शहीद दिवस के अवसर पर सीकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर कांग्रेस का हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में किए गए संशोधनों का विरोध करना था, जिन्हें पार्टी योजना को बंद करने की नीयत से किया गया कदम बता रही है। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश सैनी ने किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र व राज्य की वर्तमान सरकार बनने के बाद से लगातार जनहित की योजनाओं को बंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा जिला छीना गया, संभाग छीना गया, मजदूरों का काम छीना गया, इंग्लिश मीडियम स्कूल बंद किए गए और छोटे व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित किया गया। यह सरकार विकास की बजाय द्वेषपूर्ण भावना से काम कर रही है। सैनी ने चेतावनी देते हुए कहा कि आम जनता इस भेदभावपूर्ण रवैये का हिसाब जरूर लेगी और कांग्रेस पार्टी मनरेगा सहित जनकल्याणकारी योजनाओं की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की, उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया और सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी साथियों द्वारा महात्मा गांधी के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता गठाला, प्रदेश निकाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष जीवण खां सहित पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## विधायक हाकम अली खान ने विधानसभा में उठाई सीवरेज की समस्या

मुहम्मद सादिक



**सीकर ( नवयत्न )।** जिले के फतेहपुर शेखावाटी के विधायक हाकम अली खान ने राज्य विधानसभा में फतेहपुर शहर में चल रही सीवरेज लाइन जाम की गंभीर समस्या को उठाया। उन्होंने इस जनस्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे का स्थायी समाधान करने के लिए सरकार से तत्काल कार्रवाई की माँग की। मुख्य मुद्दे विधायक हाकम अली खान द्वारा विधानसभा में रखी गई मुख्य माँगें समस्या के समाधान के लिए ईमानदार और सक्षम अधिकारियों को नियुक्त किया जाए। पूरे मामले की एक निष्पक्ष जाँच कराई जाए। जनता की परेशानी को दूर करने के लिए समस्या का शीघ्र और प्रभावी समाधान किया जाए। हाकम अली खान ने कहा कि फतेहपुर की जनता की आवाज को मजबूती के साथ विधानसभा में उठाना उनका कर्तव्य है। सीवरेज सिस्टम का लगातार जाम होना न केवल आम नागरिकों के दैनिक जीवन में बाधा उत्पन्न कर रहा है बल्कि इससे गंभीर स्वास्थ्य जोखिम भी पैदा हो रहे हैं। यह एक बुनियादी सुविधा का विषय है जिस पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है। विधायक द्वारा सदन में इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद अब इस पर सरकार का रुख सामने आना बाकी है। सदन में माँग किए गए निष्पक्ष जाँच और त्वरित कार्रवाई पर सरकार क्या कदम उठाती है यह फतेहपुर शहर के निवासियों के लिए महत्वपूर्ण होगा।

## महाशिवरात्रि विशेष : श्वेत वस्त्रों में निकलेगी कलश यात्रा, देंगे शांति का संदेश

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चिड़ावा की स्थानीय शाखा के तत्वावधान में इस वर्ष शिव अवतरण का पावन पर्व 90वीं त्रिमूर्ति महाशिवरात्रि के रूप में भव्यता के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन कल 1 फरवरी को संपन्न होगा। चिड़ावा शाखा की संचालिका स्नेहा दीदी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 1 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी। यह यात्रा धाबाई टेकड़े से प्रारंभ होकर कबूतरखाना व मंड्रेला रोड होते हुए भगेरिया फॉर्म हाउस के पास आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में माताएं एवं बहनें श्वेत वस्त्र धारण कर भाग लेगी और समाज को शांति, सद्भाव व पवित्रता का आध्यात्मिक संदेश देगी। कलश यात्रा के समापन के पश्चात दोपहर 2 बजे प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व महिला कल्याण अधिकारी, बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य एवं पूर्व पार्षद मनीषा केडिया होगी। कार्यक्रम में नारनौल से आमंत्रित राजयोगिनी बाल ब्रह्मचारी कमल दीदी मुख्य वक्ता के रूप में शिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य एवं राजयोग के महत्व पर प्रकाश डालेंगी। इस अवसर पर शिव ध्वज फहराकर विश्व शांति की कामना की जाएगी। साथ ही नन्हें बच्चों व कलाकारों द्वारा भक्तिपूर्ण नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियां दी जाएगी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से क्षेत्र के समस्त नागरिकों को इस पावन पर्व में सहभागी बनने हेतु आमंत्रित किया गया है।

## जन्म व तप कल्याणक महोत्सव में जैन मंदिरों में गूंजे जयकारे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जैन धर्मावलंबियों के तत्वावधान में जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दन नाथ एवं पन्द्रहवें तीर्थंकर भगवान धर्म नाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव शुक्रवार को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि प्रात: मंदिरों में श्री जी के अभिषेक के पश्चात जयकारों के बीच मंत्रोच्चार से विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। जिसके तत्पश्चात अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना के दौरान भगवान अभिनन्दन नाथ एवं भगवान धर्म नाथ का जन्म व तप कल्याणक श्लोक का सामूहिक रूप से उच्चारण कर जयकारों के साथ अर्घ्य चढाया गया। महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मोती सिंह भोमियों का रास्ता स्थित दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज में भगवान अभिनन्दन नाथ एवं भगवान धर्म नाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर अभिषेक, शांतिधारा के बाद मण्डल विधान पर पूजा अर्चना की गई।

## खेल प्रेमियों ने ज्ञापन सौंपकर की भ्रष्टाचार की जांच करवाने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** खेल एसोसियेशन सुजानगढ़ के अध्यक्ष शाहिद खान के नेतृत्व में खेल प्रेमियों ने एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को सौंपकर एन के लोहिया स्टेडियम में चल रहे मिट्टी भराई व दीवार निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा व जांच की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि मिट्टी भराई का कार्य चार फुट होना था, लेकिन इसे अब तक मात्र दो फुट ही किया गया है। अत: इसे चार फुट तक भराई करवाया जावे। वहीं मिट्टी को पक्का करवाकर दीवार निर्माण करवाया जावे। ज्ञापन में मांग की गई है कि मामले की जांच करवाकर नियमानुसार कार्य करवाया जावे। इसके बाद सभी लोग ज्ञापन सौंपने नगरपरिषद कार्यालय पहुंचे, जहां आयुक्त चारवी को ज्ञापन सौंपकर मिट्टी भराई कार्य व स्टेडियम का सौंदर्यीकरण कार्य करवाये जाने की मांग की। इस दौरान राजा खान, विक्की चौहान, जावेद भाटी, आजाद भाया, मुकेश, सरफराज, रिजवान, शकील, जाकिर, सिकन्दर, अमन, असलम, सुशील, आसिफ सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### इनका कहना है

नगरपरिषद आयुक्त चारवी ने बताया कि लोहिया स्टेडियम में 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व का समारोह आयोजित किया गया था, जिसके कारण मिट्टी भराई का कार्य एक बार रोक दिया गया था। अब इसे फिर से शुरू करवाकर काम जल्द से जल्द संपूर्ण करवाया जायेगा।

## जन्मदिन पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किए मंदिर दर्शन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर धार्मिक आस्था और सामाजिक सरोकार का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने जयपुर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। उपमुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम जयपुर स्थित आराध्य देव श्री गोविंददेवजी मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

उन्होंने भगवान श्री गोविंददेवजी से आशीर्वाद लेकर प्रदेशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में इस दौरान श्रद्धालुओं, कार्यकर्ताओं और आमजन की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं, जिनके लिए उपमुख्यमंत्री ने आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने चौड़ा रास्ता स्थित प्राचीन ताड़केश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। उन्होंने प्रदेश की उन्नति, सुख-समृद्धि और जनहित के लिए प्रार्थना की। मंदिर में मौजूद लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दींए जिस पर उन्होंने सभी के स्नेह और शुभेच्छाओं के लिए धन्यवाद दिया। जन्मदिन के अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने जयपुर स्थित प्रसिद्ध मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भी दर्शन किए। मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। दर्शन के बाद उपमुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के तारानगर स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में भी दर्शन किए। यहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

सामाजिक सरोकार निभाते हुए उपमुख्यमंत्री द्वारा स्कूली बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने इस पहल की सराहना की। जन्मदिन के अवसर पर धार्मिक आस्था, जनसेवा और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सकारात्मक संदेश दिया।

## गायत्री महायज्ञ के साथ कराया विवाह दिवस संस्कार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गायत्री परिवार की ओर से अजमेर रोड के राणी सती नगर में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ भारतीय संस्कृति के अनुसार विवाह दिवस संस्कार मनाया गया। आमतौर पर विवाह की वर्षगांठ पर केक काटा जाता है वहीं यहां वेद मंत्रोच्चार के साथ देवी.देवताओं का भावभरा आह्वान पर सोडशोपचार पूजन किया गया। आचार्य पीठ से गायत्री कचोलिया, वर्षा गुप्ता और दिनेश आचार्य ने प्रज्ञा गीतों के साथ विवाह दिवस संस्कार संपन्न कराया। नवल गुप्ता सहित अनेक दंपत्तियों पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया गया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन दीपक नंदी ने बताया कि गायत्री परिवार में सभी सोलह संस्कार यज्ञ के साथ भारतीय प्राचीन वैदिक पद्धति से संपन्न कराए जाते हैं। विवाह दिवस पर दंपतियों को विवाह के दिन एक-दूसरे को दिए गए वचनों का पुन: स्मरण कराया गया। वैवाहिक जीवन में आई थोड़ी-बहुत कटुता को भूलाकर प्रेम पूर्वक जीने की प्रेरणा दी गई। इससे पूर्व अग्नि प्रज्जवलन कर गायत्री महामंत्र और महामृत्युंजय महामंत्र से विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ भगवान को आहुतियां प्रदान की गई।

## विराट हिंदू सम्मेलन में जाति-पांति के बंधन टूटेंग, होगा समरसता का शंखनाद

**जयपुर ( नवयत्न )।** जाति-पांति के बंधन टूटें, समरसता से हिंदू जुड़ें के संकल्प के साथ मालवीय नगर क्षेत्र में विराट हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला शुभारंभ शुक्रवार को मॉडल टाउन से निकली वाहन रैली के साथ हुआ। वाहन रैली में युवा भगवा ध्वज लेकर विभिन्न मार्गों से गुजरे। सम्मेलन के लिए शुक्रवार को टोलियों द्वारा घर-घर जाकर पीले चावल का वितरण किया गया। संपर्क अभियान चलाया गया और प्रभात फेरियों के माध्यम से जन-जन को सम्मेलनों में आने का आमंत्रण दिया गया। एक फरवरी से 22 फरवरी के मध्य मालवीय नगर क्षेत्र की 10 बस्तियों में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

## श्रीकृष्ण सेना ने पूरा किया सौ दिन का गौ सेवा संकल्प

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री कृष्ण सेना गौ सेवा संगठन ने गोवर्धन पूजा 22 अक्टूबर 2025 के दिन लिए गए सौ दिन नियमित गौ सेवा के संकल्प को 30 जनवरी 2026 को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। इस दौरान संगठन ने जयपुर के वीकेआई क्षेत्र के नंबर 2, 5, 7, 18, 19 सेक्टर सहित विद्याधर नगर के विभिन्न इलाकों में जहाँ.जहाँ गौ माता मिली, वहां सेवा कार्य किया।

संगठन के संयोजक और अध्यक्ष इंद्राज तसीड ने बताया कि सौ दिन के संकल्प के दौरान गौ माता को चारा, पानी, देखभाल और संरक्षण जैसी सेवाएँ निरंतर दी गई। श्री कृष्ण सेना ने स्पष्ट किया कि यह सेवा यहीं नहीं रुकेगी, बल्कि आगे भी निरंतर जारी रहेगी। तसीड ने कहा कि गौ सेवा के साथ-साथ अब गौ माता के हक और अधिकारों की लड़ाई भी लड़ी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान में संगठन की पूरी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस सेवा अभियान में संदीप, अजय, राहुल, आर्यन, शिवा, भोमा राम, जयंत, मुरारी, अमित और विक्रम सहित पूरी टीम शामिल रही। संगठन अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा कि श्कुछ नेता धर्म की राजनीति करते हैं। जब मंदिर और गाय की बात आती है तो ऐसे लोग नजर नहीं आते। विधायक बालमुकुंद आचार्य जैसे लोग सिर्फ बयानबाजी करते हैं, जमीनी स्तर पर सेवा दिखाई नहीं देती। इस तरह की राजनीति देश और समाज के लिए सही नहीं है। श्री कृष्ण सेना ने दो टूक कहा कि उनका उद्देश्य सेवाए संरक्षण और संवेदनशील समाज का निर्माण है और इस राह पर संगठन पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ता रहेगा।

## यूजीसी : संवैधानिक प्रावधानों पर पुनर्विचार की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विप्र महासंघ सेवा समिति, राजस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन विनिता सिंह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन देकर कर यूजीसी के हालिया नियमों सहित कुछ संवैधानिक प्रावधानों पर पुनर्विचार एवं आवश्यक संशोधन की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अम्बिका दत्त कौशिक, राष्ट्रीय महामंत्री केशव प्रसाद शर्मा, प्रदेश महामंत्री बाबूलाल शर्मा शामिल थे। प्रदेशाध्यक्ष मेधासिंधु शर्मा ने बताया कि हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा लागू किए गए यूजीसी के कुछ नियमों को लेकर समाज के एक बड़े वर्ग में असंतोष व्याप्त है। इन नियमों से सामान्य वर्ग के युवाओं में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है, अत: इन पर पुनर्विचार आवश्यक है। ज्ञापन में जातिगत आरक्षण व्यवस्था को लेकर भी आपत्ति दर्ज कराई गई है। संगठन का कहना है कि वर्तमान आरक्षण व्यवस्था से प्रतिभाओं को समान अवसर नहीं मिल पा रहा है, जिससे देश के समग्र विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आरक्षण को आर्थिक आधार से जोड़े जाने की मांग भी की गई है। इसके साथ ही ज्ञापन में धर्मनिरपेक्षता की वर्तमान व्याख्या, संविधान में अल्पसंख्यक शब्द की उपयोगिता तथा मठ-मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की मांग की गई हैं। संगठन ने मंदिरों की आय को मंदिरों के विकास एवं सामाजिक कार्यों में सीधे उपयोग किए जाने की आवश्यकता बताई है।

## उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत प्रचार प्रसार के लिए ऑटो रवाना



**तारानगर ( नवयत्न )।** निदेशक साक्षरता एवं सतत् शिक्षा राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत मोबीइलेजेशन एवं वातावरण निर्माण हेतु मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय तारानगर में जिंगल के माध्यम से प्रचार प्रसार के लिए ऑटो को रवाना किया गया। ऑटो को बबलेश शर्मा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तारानगर, भागचंद अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तारानगर एवं भागचंद किरोड़ीवाल प्रधानाचार्य के द्वारा हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जयप्रकाश शर्मा ब्लॉक समन्वयक साक्षरता ने बताया गया कि जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी चूरू के निर्देश पर लोगो को साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करने हेतु एक ऑटो तारानगर ब्लॉक के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में घूम घूम कर साक्षरता विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता आदि की जानकारी लोगो तक पहुंचाएगा। इस अवसर पर आरपी रामनिवास, श्रवण सिंह चारण, रमेश कुमार, योगेशकुमार, राजेंद्र सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह, समुन्द्र सिंह, भागूराम, पवन कुमार, राकेश खीचड़, तुलसी राम आदि उपस्थित रहे।

# डूण्डलोद गर्ल्स स्कूल की छात्राओं का बैंड पहुँचा फिल्मी दुनिया तक

## घूँघट फिल्म शूटिंग में किया प्रभावशाली प्रदर्शन

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** डूण्डलोद गर्ल्स स्कूल, बलवंतपुरा की छात्राओं के लिए यह अवसर अत्यंत गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक रहा, जब विद्यालय की छात्राओं के बैंड को अभिनेत्री तापसी पन्नू एवं अभिनेता विवियान स्टार फिल्म घूँघट की शूटिंग के दौरान बलवंतपुरा की छात्राओं के बैंड ने अनुशासन, आत्मविश्वास और जोश से भरपूर शानदार प्रस्तुति दी। विद्यालय की अध्यापिका मेघना के नेतृत्व में पहुँचे छात्रा बैंड ने फिल्म के एक दृश्य में परफॉर्म कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसकी शूटिंग यूनिट द्वारा भी सराहना की गई। शूटिंग के दौरान छात्राओं एवं अध्यापिका को फिल्म के कलाकारों से मुलाकात का अवसर भी प्राप्त हुआ। छात्राओं ने अभिनेत्री तापसी पन्नू एवं अभिनेता विवियान से ऑटोग्राफलिए तथा उनके साथ यादगार फोटोग्राफ भी खिंचवाए। यह अनुभव छात्राओं के लिए अत्यंत रोमांचक, प्रेरणादायक और जीवनभर याद रहने वाला बन गया। फिल्म के निर्देशक तथा अभिनेत्री तामसी पन्नू ने छात्राओं के बैंड की प्रस्तुति, अनुशासन और आत्मविश्वास की खुले दिल से प्रशंसा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्राचार्या इंदु सोनी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा डूण्डलोद गर्ल्स स्कूल, बलवंतपुरा की छात्राओं को फिल्म शूटिंग जैसे बड़े मंच पर जाना हमारे विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है। ऐसे अनुभव छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उनकी प्रतिभा को नई पहचान दिलाते हैं। विद्यालय सदैव छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। डूण्डलोद गर्ल्स स्कूल, बलवंतपुरा की छात्राओं का यह फिल्मी अनुभव शिक्षा के साथ-साथ कला, संस्कृति और आत्मविश्वास का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है।

# योगेश का राज्य स्तर कृषि ट्रेड में प्रथम स्थान



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तारानगर के विद्यार्थी योगेश सैनी कक्षा 9 ने राज्य स्तरीय स्किल एग्जिबिशन व्यावसायिक शिक्षा कृषि ट्रेड में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया प्रधानाचार्य निर्मल कुमार छिंपा ने बताया कि विद्यालय के कृषि व्याख्याता विजय गोदारा के मार्गदर्शन मे जैविक उत्पाद मॉडल बनाया जो प्रथम रहा जैविक खेती के लिए विद्यालय स्तर पर एक अनूठी पहल है गत वर्ष में भी उनके मार्गदर्शन से बना कृषि मॉडल राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान पर रहा था विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षण कक्षा 9 से प्रवेश मिलता है जिसका ट्रेड कृषि है जिसका लाभ विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार से मिल रहा है।

# शहीद दिवस पर रखा 2 मिनट का सामूहिक मौन

**जयपुर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई । इस अवसर 2 मिनट का सामूहिक मौन रखा गया। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार सुबह 11 बजे से 11 बजकर 02 मिनट तक अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय मेघराज मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर चतुर्थ आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तर मुकेश कुमार मूंड, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेर सिंह लुहाड़िया, उपखण्ड अधिकारी जयपुर प्रथम राजेश जाखड़, उपखण्ड अधिकारी जयपुर उत्तर दीपक खटाना, सहायक कलक्टर सरिता शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी सामूहिक मौन में मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190